नहीं दी जा सकती कि अनुच्छेद १४ के अंतर्गत और १९ में प्रदत्त मूल अधिकारों का अतिक्रमण करती है। राष्ट्र के विकास तथा उन्नति के लिए यह राज्य के नीति के निर्देशक तत्व महत्वपूर्ण है। ग्लेनविन ऑस्टिन ने राज्य के नीति के निर्देशक सिद्धांतों के लिए राज्य की आत्मा कहा है।' राज्य के नीति के निदेशक तत्व महिलाओं के लिए भी कल्याणकारी योजनाओं, नितियों तथा विधियों का निर्माण करने की व्यवस्था करता है जिसके अंतर्गत राज्य महिलाओं के लिए वह सुविधाए प्रदान कर सकती है जिनसे कि वे अछूती रह गई है। उदाहरण के लिए वर्तमान में जननी सुरक्षा योजना चल रही है जिसके अंतर्गत जच्चा एवं बच्चा दोनों के जीवन की रक्षा की जाती है तथा इसके अंतर्गत आर्थिक लाभ की व्यवस्था की गई है ऐसा कर पाना संभव भारत के संविधान के अनुच्छेद ४२ के अंतर्गत हो पाया क्योकि यह अनुच्छेद प्रसूति सहायता का उपबंध करती है।

ऐसा नहीं है कि केवल भारत के संविधान के भाग चार के अंतर्गत महिलाओं के लिए अधिकार प्रदान किये गये है वल्कि संपूर्ण संविधान के अंतर्गत महिलाओं के लिए विशेष उपबंध किये गये है इतना ही नहीं, महिलाओं से संबंधित कानूनों के लिए संवैधानिकता भी भारतीय संविधान के अंतर्गत प्रदान की गई है।

भारत के संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद ३६ से लेकर ५१ तक राज्य क नीति के निदेशक तत्वों को प्रदत्त किया गया है जिनमे अनुच्छेद ३६ राज्य की परिभाषा, अनुच्छेद ३७ इस भाग में अंतर्विष्ट तत्वों का लागू होना, अनुच्छेद ३८ राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाएगा, अनुच्छेद ३९ राज्य द्वारा अनुसरणीय कुछ नीति तत्व, अनुच्छेद ३९क समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता, अनुच्छेद ४० ग्राम पंचायतों का संगठन, अनुच्छेद ४१ कुछ दषाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार, अनुच्छेद ४२ काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंध, अनुच्छेद ४३ कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि, अनुच्छेद ४३क उद्योगों के प्रबंधन में

कर्मकारों का भाग लेना अनुच्छेद ४३ख सहकारी सोसाइटियों का संवर्धन, अनुच्छेद ४४ नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता, अनुच्छेद ४५ छह वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देख रेख और षिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि अनुच्छेद ४६ अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल वर्गों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि अनुच्छेद ४७ पोशाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊंचा करने तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करने का राज्य का कर्तव्य अनुच्छेद ४८ कृषि और पशुपालन का संगठन अनुच्छेद ४८क पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा, अनुच्छेद ४९ राष्ट्रीय महत्व के संस्मारकों, स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण, अनुच्छेद ५० कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण अनुच्छेद ५१ अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि साधारणतया भारत के संविधान के अंतर्गत प्रदत्त राज्य के नीति के निदेशक तत्वों को प्रदान करने में महिला और पुरूशों के बीच किसी भी प्रकार का विभेद नहीं किया गया है, अध्ययन की दृष्टि से महिलाओं को अतिरिक्त रूप से प्रदत्त इन तत्वों को यहॉ पर उल्लेख किया जा रहा है।

लोक कल्याण के लिए सामाजिक व्यवस्थाः—

भारत के संविधान के अनुच्छेद ३८ के अंतर्गत स्पष्ट किया गया है कि राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक वयवस्था बनाएगा जिसके अंतर्गत बतलाया गया है कि, राज्य एसी सामाजिक व्यवस्था की, जिसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय राष्ट्रीय जीवन की सभी संस्थाओं को अनुप्रमाणित करे, भरसक प्रभावी रूप से स्थापना और संरक्षण करके लोक कल्याण की अधिवृद्धि का प्रयास करेगा। अनुच्छेद क खंड (२) स्पष्ट करता है कि राज्य विशिष्टतया, आय की असमानताओं को कम करने का प्रयास करेगा और न केवल व्यष्टियों क बीच विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले और विभिनन व्यवसायों में लगे हुए लोगों के समूहों के बीच भी प्रतिष्ठा, सुविधाओं और अवसरों की असमानता समाप्त करने का प्रयास करेगा।

अशोक कुमार गुप्ता बनाम भारत संघ, (१९९५) ५ एस. सी. सी. २०१ के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि, भारत के संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद २१ सहपठित अनुच्छेद ३८ मूल अधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को स्थापित करते है।

राज्य द्वारा अनुसरणीय कुछ नीति तत्वः—

भारत के संविधान के अनुच्छेद ३९ राज्य द्वारा अनुसरणीय कुछ नीति तत्व के संबंध में उपबंध करता है, जिसके अंतर्गत कहा गया है कि राज्य अपनी नीति का विशिष्टतया, इस प्रकार संचालन करेगा कि सुनिश्चित रूप से पुरूष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो, सामूहिक हित का सर्वोत्तम रूप से साधन, पुरूषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन तथा पुरूषों और स्त्री कर्मकारों के स्वास्थ्य और शक्ति का तथा बालकों की सुकुमार अवस्था का दुरूप्योग न हो और आर्थिक आवश्यकता से विवश होकर नागरिकों को ऐसे रोजगारों में न जाना पड़े जो उनकी आयु या शक्ति के अनुकूल न हो। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद ३९ के अंतर्गत समान कार्य के लिए समान वेतन न केवल एक राज्य की नीति का निदेशक तत्व है बल्कि अनुच्छेद १४ तथा १६ के अंतर्गत मूल अधिकार भी है और जिसका अतिलंघन नहीं किया जा सकता।

पंचायतों में महिला आरंक्षणः—

भारत के संविधान के अनुच्छेद ४० के अंतर्गत ग्राम पंचायतों का संगठन के संबंध में उपबंध किया गया है जिसके अंतर्गत राज्य के लिए ग्राम पंचायतों के संगठन करने के लिए कदम उठाने और उनको ऐसे शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है जिससे कि वे स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो। भारत के संविधान के भाग—९ के अंतर्गत पंचायत के संबंध में एक नया अध्याय जोड़ दिया गया जिसके

अनुच्छेद २४३घ स्थानों का आरक्षण का उपबंध करता है जिसके अंतर्गत कम से कम एक—तिहाई स्थान स्त्रियों के लिए आरक्षित रहेंगे।

काम की न्यायसंगत और मानवोचित दषाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंधः—

भारत के संविधान के अनुच्छेद ४२ के अंतर्गत यह उपबंध किया गया है कि, काम की न्यायसंगत और मानवोचित दषाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंध के अंतर्गत स्पष्ट किया गया है कि राज्य काम की नयायसंगत और मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने के लिए और प्रसूति सहायता के लिए उपबंध करेगा।

स्वतंत्रता उपरांत भारत में काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं को सुधारने के लिए कई प्रकार की योजनाओं का निर्माण किया गया साथ ही साथ कई प्रकार के अधिनियमों को पारित किया गया जिनके माध्यम से कर्मकारों की स्थिति में सुधार करने का प्रयत्न किया गया, आज न केवल पुरूष कर्मकार कार्य करते है वरन् महिला कर्मकार भी कार्य करते है। महिला कर्मकार की स्थिति में सुधार हुआ है यदि हम पूर्व की स्थिति को देखे तो महिला कर्मचारियों के लिए आधारभूत आवश्यकताओं का अभाव पाया जाता था। आज भी स्थिति उतनी ठीक नहीं है। जितनी विकास की गति के साथ होनी चाहिए थी।

नागरिकों के लिए समान सिविल संहिताः—

भारत के संविधान के अनुच्छेद ४४ के अंतर्गत नागरिकों के लिए समान सिविल संहिता का उपबंध किया गया है, जिसके अंतर्गत कहा गया है कि, राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के जिए एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। **सरला मुदगल बनाम भारत संघ** १९९५ ३ एस. सी. सी. ६३५ के मामले में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता का निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी अभिनिर्धारित किया कि **नूर शाबा खातून बनाम माहम्मद कासिम,** ए. आई. आर. १९९७ एस. सी. ३२८० के मामले मे माननीय उच्चतम न्यायालय क द्वारा

अभिनिर्धारित किया गया कि, एसी महिला जिसका तलाक हो चुका है वह अपने बच्चों के लिए तव तक भरण पोषण प्राप्त कर सकती है जव तक कि वह बच्चे वयस्क न हो जाये। जान बालामत्तम बनाम भारत संघ के मामले में माननीय सर्वोच्च नयायालय के द्वारा पुन: एक वार समान नागरिक सहिता बनाये जाने हेतु संस्तुति की साए ही यह भी दर्शित किया कि एक समान सिविल संहिता विचारों के आधार पर मत भिन्नता को समाप्त कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में सहायक होगी।

दुर्बल वर्गो के हितों की अभिवृद्धि:—

भारत के संविधान के अनुच्छेद ४६ के अंतर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल वर्गो क शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि के संबंध में उपदर्शित किया गया है जहॉ पर यह भी उपबंधित किया गया है कि, राज्य, जनता के दुर्बल वर्गो के, विशिष्टतया, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि करेगा और सामाजिक अनयाय और सभी प्रकार के शोषण से उनकी रंरक्षा करेगा।

स्त्री स्वास्थ्य तथा पोषाहार:—

भारतीय संविधान के अनुच्छेद ४७ पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊंचा करने तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करने का राज्य का कर्तव्य के संबंध में उपबंध किया गया है साथ ही साथ स्पष्ट किया गया है कि राज्य, अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को उंचा करने और लोक स्वास्थ्य के सुधार को अपने प्राथमिक कर्तव्यों में मानेगा और राज्य, विष्टिता, मादक पेयो और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक औशधियों के, औशधीय प्रयोजनों से भिन्न, उपभोग का प्रतिशेध करने का प्रयास करेगा।

उपसंहार:—

भारत में महिलाओं के संर्वागीण विकास के लिए कई प्रकार की योजनाओं को चलाया जा रहा है, जो कि महिलाओं के लिए राज्य के नीति के निदेशक तत्वों के कार्यान्वयन के उदाहरण स्वरूप

प्रस्तुत किया जा रहा है उनके अंतर्गत प्रमुख है महिला—ए—हाट योजना, बेटी पड़ाओं बेटी बचाओ, लाड़ली लक्ष्मी योजना, स्टीप योजना (The Suport to Training and Employment Programme for Women) तथा कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल योजना। भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के द्वारा महिलाओं एवं बच्चियों के संबंध में कई योजनाओं को चलाया जा रहा है जिससे कि उनका विकास किया जा सके। यहॉ पर यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राज्य के द्वारा जो योजनाऍं चलाई जाये वह उसके सही हितग्राही तक उनका लाभ सुनिश्चित हो सके।

यदि हम इस सदी में महिलाओं को सुविधा देने की वात करते है तो इसका तात्पर्य यह हुआ कि इसके पूर्व एसा कार्य नहीं किया गया या फिर उस मात्रा में नहीं किया गया जिस मात्रा में किया जाना चाहिए था। आज हमारे देश में ऐसी नीतियों का निर्माण किया जाता है जो कि राजनीति से प्रेरित होकर अपनी सुविधा के लिए होता है। जवकि ऐसी नीतियों का निर्माण किया जाने चाहिए जो कि महिलाओं के साथ साथ देश के विकास में भी लाभप्रद हो। **केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य,** ए.आई.आर. १९७३ एस. सी. १४६१ के वाद में माननीय सर्वोच्च न्यायालय क द्वारा अभिनिर्धारित किया कि एक समतावादी समाज का बनाना है साथ ही समाज के उत्पीड़न और बंधनों को तोड़ना है यह भारत के संविधान में मूलित मूल उद्देश्यों का लक्ष्य है राज्य के नीति के निदेशक तत्वों का मूल उद्देश्य ऐसे सामाजिक आर्थिक उद्देश्य को नियत करना है जो कि अहिंसात्मक सामाजिक क्रान्ति द्वारा अविलम्ब प्राप्त किये जा सकते हों। भारत के संविधान के अंतर्गत प्रदत्त राज्य के नीति के निर्देशक तत्व महिलाओं के सर्वागीण विकास के लिए तत्पर है और भारत के भीतर जो भी महिलाओं के लिए नीतियों एवं कानून बनाएं जा रहे है वह राज्य के नीति के निर्देशक तत्वों से प्रभावित होती हैं।

भारत का संविधान नीति निर्देशक तत्वों के माध्यम से राज्य का महिलाओं के प्रति भी दायित्व निर्धारित किया गया है कि वह

महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाओं को बनाये और विधि में भी महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किया जाये।

संदर्भ सूची:—

१. अवस्थी, सुधा (२०१६) भारत का संविधान (तृतीय संस्करण), नईदिल्ली : इण्डिया पब्लिषिंग कम्पनी प्रकाशन विभाग।

२. बसु, दुर्गादास (२००७) भारत का संविधान एक परिचय (पुनः मुदित), इलाहाबाद : सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी पब्लिकेशन्स।

३. बबेल, बसन्तीलाल (२०१२) भारत का संविधान (ग्यारहवॉ संस्करण), इलाहाबाद : सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स।

४. चतुर्वेदी, मुरलीधर (२०१०) भारत का संविधान (चौदहवा संस्करण), इलाहाबाद : इलाहाबाद लॉ एजेन्सी पब्लिकेशन्स।

५. पाण्डेय, जय नारायण (२०१५) भारत का संविधान (अड़तालीसवाँ संस्करण), इलाहाबादः सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी।

६. शर्मा, ब्रजकिषोर (२०१२) भारत का संविधान एक परिचय (नौवां संस्करण), नई दिल्लीः पी एच आईलर्निंग प्राईवेट लिमिटेड।

७. त्रिपाठी, एस.सी., एवं अरोरा विभा (२०१०) लॉ रिलेटिग टू वीमन एण्ड चिल्ड्रेन (चतुर्थ संस्करण), इलाहाबादः सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी पब्लिकेशन्स।

८. वाजपेई, आशा (२००३) चाइल्ड राइट्स इन इंडिया (द्वितीय संस्करण), नई दिल्लीः आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

❑❑❑

भाग - III
आर्थिक एवं राजनीतिक परिप्रेक्ष्य

- महिला उद्यमिता एवं ग्रामीण विकास हेतु संचालित योजनाओं का अध्ययन
  अमित कुमार तिवारी
- भारत में महिलाओं के राजनीतिक अधिकार एवं सहभागिता एक विश्लेषणात्मक अध्ययन
  एस. रूपेन्द्र राव, सन्त कुमार तिवारी एवं दीपक कुमार
- ग्रामीण महिलाओं में राजनीतिक जागरूकता और सशक्तिकरण अवधारणात्मक विवेचन
  रीता दीवान
- वैश्वीकरण के युग में स्त्री सशक्तिकरण
  ए. एल. ध्रुवंशी

Manoj K. Rao

Dr. Manoj Kumar Rao is presently an Assistant Professor & Head Department of Psychology in Govt. Danteshwari P.G. College Dantewada Chhattisgarh, India. He received his Bachelor of Arts, Master of Arts and Ph.D from the Dept. of Psychology, DDU Gorakhpur University, Gorakhpur. He got UGC JRF and SRF fellowship during his Ph. D. He has authored one book, 14 research papers published in different renowned journals and 3 book chapters in national publishers. He has also presented a number of research papers in national/international seminars. He is also President in Chhattisgarh State of Bharatiya Counselling Psychology Association. His areas of interest are applied Social Psychology, Clinical Psychology, Guidance and counseling Psychology, Positive Psychology and Research methodology.

Ram Ashish Shrivastava

Dr. Ram Ashish Shrivastava is presently an Assistant Professor Department of Law in Govind Sarang Govt Law College Bhatapara, Chhattisgarh, India. He received his B.A., LL.B. from Dr. Harisingh Gour University Sagar (M.P.) after that LL.M. and Ph.D from Barkatullah University Bhopal Madhaya Pradesh, India. He has got 14 years research and teaching experience and published 14 research publications of national and international repute. He has also presented a number of research papers in national/international seminars. His areas of interest are Panchayati Raj, Human Rights and Constitutional Law.

Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.
At.Post.Limbaganesh, Tq.Dist.Beed
Pin-431 126 (Maharashtra)
Mob.09850203295

ISBN : 978-93-92584-

ISSN 2394-5303

Printing® Area

Peer Reviewed International Multilingual Research Journal
Issue-81, Vol-02 October 2021

Editor
Dr.Bapu G.Gholap

ISSN: 2394 5303 | Impact Factor 7.891(IIJIF) | Printing Area® Peer-Reviewed International Journal | October 2021 Issue-81, Vol-02 | 01

आंतरराष्ट्रीय बहुभाषिक शोध पत्रिका

प्रिंटिंग एरिया

Printing Area International Interdisciplinary Research Journal in Marathi, Hindi & English Languages

October 2021, Issue-81, Vol-02

Editor
Dr. Bapu g. Gholap
(M.A.Mar.& Pol.Sci.,B.Ed.Ph.D.NET.)

"Printed by: **Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.** Published by **Ghodke Archana Rajendra** & Printed & published at Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.,At.Post. Limbaganesh Dist,Beed -431122 (Maharashtra) and Editor **Dr. Gholap Bapu Ganpat.**

Reg.No.U74120 MH2013 PTC 251205
Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.
At.Post.Limbaganesh,Tq.Dist.Beed
Pin-431126 (Maharashtra) Cell:07588057695,09850203295
harshwardhanpubli@gmail.com, vidyawarta@gmail.com
All Types Educational & Reference Book Publisher & Distributors / www.vidyawarta.com

Printing Area

www. विद्यावार्ता® .कॉम

YouTube Channel

Vidyawarta is peer reviewed research journal. The review committee & editorial board formed/appointed by Harshwardhan Publication scrutinizes the received research papers and articles. Then the recommended papers and articles are published. The editor or publisher doesn't claim that this is UGC CARE approved journal or recommended by any university. We publish this journal for creating awareness and aptitude regarding educational research and literary criticism.

The Views expressed in the published articles,Research Papers etc. are their writers own. This Journal dose not take any libility regarding appoval/disapproval by any university, institute, academic body and others. The agreement of the Editor, Editorial Board or Publicaton is not necessary. Editors and publishers have the right to convert all texts published in Vidyavarta (e.g. CD / DVD / Video / Audio / Edited book / Abstract Etc. and other formats).

If any judicial matter occurs, the jurisdiction is limited up to Beed (Maharashtra) court only.

Indexed

IMPACT 7.891 iijif FACTOR

Govt. of India,
Trade Marks Registry
Regd. No. 3418002

http://www.printingarea.blogspot.com

Editorial Board & review Committee

- **Chief Editor**
Dr Gholap Bapu Ganpat
Parli_Vaijnath,Dist. Beed Pin-431515 (Maharashtra)
9850203295, 7588057695
vidyawarta@gmail.com

- **M.Saleem**
saien Ghulam street
Fatehgarh Sialkot city
Pakistan. Phone Nr. 0092 3007134022
saleem.1938@hotmail.com

- **Dr. Momin Mujtaba**
Faculty Member,Dept. of Business Admin.
Prince Salman Bin AbdulAziz University
Ministry of Higher Education,Kingdom of Saudi Arabia, Tel No.: +966-17862370 Extn: 1122

- **N.Nagendrakumar**
115/478, Campus road,
Konesapuri, Nilaveli (Postal code-31010),
Trincomalee, Sri Lanka
nagendrakumarn@esn.ac.lk

- **Dr. Vikas Sudam Padalkar**
vikaspadalkar@gmail.com
Cell. +91 98908 13228 (India),
+ 81 90969 83228 (Japan)

- **Dr. Wankhede Umakant**
Navgan College, Parli –v Dist. Beed
Pin 431126 Maharashtra
Mobi.9421336952
umakantwankhede@rediffmail.com

- **Dr. Basantani Vinita**
B-2/8, Sukhwani Paradise,
Behind Hotel Ganesh, Pimpri,
Pune-17 Cell: 09405429484,

- **Dr. Bharat Upadhya**
Post.Warnanagar, Tq.Panhala,
Dist.Kolhapur-4316113
Mobi.7588266926

- **Jubraj Khamari**
AT/PO - Sarkanda, P.S./Block - Sohela
Via/Dist. - Bargarh, Pin - 768028 (Orissa)
Mob. No. – 09827983437
jubrajkhamari@gmail.com

- **Krupa Sophia Livingston**
289/55, Vasanthapuram,
ICMC, Chinna Thirupathy Post,
Salem- 636008 +919655554464
davidswbts@gmail.com

- **Dr. Wagh Anand**
Dept. Of Lifelong Learning and Extension
Dr B A M U Aurangabad pin 431004
Mobi. 9545778985
wagh.anand915@gmail.com

- **Dr. Ambhore Shankar**
Jalna,Maharashtra
shankar296@gmail.com
Mobi.9422215556

- **Dr. Ashish Kumar**
A-2/157, Sector-3, Rohini, Delhi -110085
*Ph.no: 0*9811055359

- **Prof. Surwade Yogesh**
Dept. Of Library, Dr B A M U Aurangabad , Pin 431004
Cell No: +919860768499
yogeshps85@gmail.com

- **Dr.Deepak Vishwasrao Patil,**
At.Post.Saundhane, Near
Kalavishwa Computer, Tq.Dist.Dhule-424002.
Mobi. 9923811609
patildipak22583@gmail.com

- **Dr.Vidhya.M.Patwari**
Vanshree Nagar,Behind Hotel
Dawat, Mantha Road, Jalna-431203
Mobi.9422479302
patwarivm@rediffmail.com

- **Dr.Varma Anju**
Assistant Professor, Dept. of Education,
Sikkim University 6th Mile, Samdur Tadong-737102
GANGTOK - Sikkim, (M.8001605914)
anjuverma2009@rediffmail.com

- **Dr.Pramod Bhagwan Padwal**
Associate Professor,Department of Marathi
Banaras Hindu University,
Varanasi-221005.(Uttar Pradesh)
Mobi. 9450533466
pbpadwal@gmail.com

INDEX

01) A Study on The Level of English Vocabulary of Male and Female Teachers in ...
SURENDAR BHUKYA, Hyderabad ||10

02) AN ANALYTICAL STUDY OF SAVING AND SPENDING HABITS OF COLLEGE STUDENTS
Dr. Vijay Narayan Gaikwad, Pune ||13

03) Continuing Education: Lifelong Education
Dr. Yatendra Pal Gaur, Aligarh ||17

04) Economic Crisis of folk Performing Art in times of Global Pandemic
Dr. Bikash Kumar Ghosh, Kharagpur, west Bengal ||20

05) ROLE OF SHG'S IN WOMEN EMPOWERMENT THROUGH MICRO-ENTERPRISES - ...
Kavita Rana & Dr. Roy C . Mathew, Kottayam, Kerala ||25

06) DIFFERENT WOMEN, DIFFERENT WORLDS, SAME DILEMMA: ATTIAHOSAIN AND ...
Dr. Shazia Siddiqui Khan, Lucknow ||31

07) Contextual Key Factor in Language Learning
DR. DEEPAK MORE, Dist. Latur ||35

08) A BRIEF INTRODUCTION TO ARABIC ESSAY AS A LITERARY GENRE
Dr. Md. Nasir Uddin Mondal ||37

09) SOCIO-CULTURALN INFLUENCE ON REMEMBERING
Nazish Bano, Deoria, Uttar Pradesh, INDIA ||42

10) Rich Like US – Attitude as Narrative Strategy
Dr.Balasaheb Gangadhar Pawar, Dist.Nandurbar ||47

11) CHALLENGES OF MODERNISM AND POSTMODERNISM: PREMISES, PROBLEMS ...
Dr.Pratibha Sharma, Delhi ||51

12) Socioeconomic status of Rural Families in UP: An empirical study of ...
Dr. Harnam Singh ||59

13) Toward a Political Sociology Dispossession: Explaining Opposition to ...
Dr. Navin Kumar Singh, District-Darbhanga (Bihar) ||65

http://www.printingarea.blogspot.com
www.vidyawarta.com/03

14) THE IMPACT OF COVID-19 ON ORGAN TRANSPLANTATION
Shabnam A. Virani, Satara ||71

15) Morphometric Analysis Of Selected Drainage Area In The Auranga Basin, ...
Dr. Ramchet Singh Yadav, Gorakhpur (U.P.) ||74

16) शाश्वत विकासासाठी भारताचे प्रयत्न: एक अभ्यास
प्रा.डॉ. प्रकाश जंगले, ठाणे ||82

17) बँकामधील नवतंत्रज्ञान
डॉ. उदय मारुती लोखंडे, सातारा ||85

18) मागासक्षेत्र अनुदान निधी योजनेअंतर्गत दिलेल्या प्रशिक्षणानंतर ग्रामपंचायत ...
गोरखनाथ पाटीलबा नजन, जि. औरंगाबाद ||88

19) जळगाव जिल्ह्यातील केळी उत्पादनाचे अर्थशास्त्र– एक विशेष अभ्यास
डॉ. सुरेश ढाके, जि.जळगाव ||91

20) सातपुड्यातील आदिवासींची सामाजीक रचना (१८१८ ते १९४७)
प्रा.डॉ. केशव आत्माराम पावरा, जि. नंदुरबार ||97

21) चंद्रपूर जिल्ह्यातील प्राथमिक शाळेतील शिक्षकांच्या संगणक साक्षरतेचा व संगणक ...
डॉ. एस. एम. सातपुते, चंद्रपूर (म.रा.) ||101

22) रामटेक नगरपालिकेच्या महसूली उत्पन्न व भांडवली उत्पन्नाचे विश्लेषणात्मक ...
डॉ. मनोज एम. तेलरांधे, जि. नागपूर ||104

23) महिला सक्षमीकरणात बचतगटाची भूमिका
डॉ. मिना एम.वडगुळे, कन्नड ||108

24) भारत में आन्तरिक जल परिवहन के विकास की आवश्यकता और सम्भावनाएँ
डॉ० खेदू राम यादव, महराजगंज ||111

25) जनजातियों के विकास में संवैधानिक प्रावधान: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन
श्रीमती प्रीति द्विवेदी, कोरबा, छत्तीसगढ़ (भारत) ||113

26) भारतीय संस्कृति एक परिचय,स्रोत,महत्व
गजदीप कुमार आर्या, बागेश्वर (उत्तराखण्ड) ||119

www.vidyawarta.com/03 | http://www.printingarea.blogspot.com

27) शिक्षा आयोग एवं नीतियों में शिक्षक का स्थान
अमिता कुशवाहा, जिला बरेली(उ०प्र०) ||125

28) रामधारी सिंह 'दिनकर' के काव्य में राष्ट्रीय चेतना : एक अनुशीलन
प्रा.खिंडीवाले हणमंतराव मृणाजी & प्र–प्राचार्य डॉ.कॅप्टन अनिता शिंदे ||130

29) गजानन माधव मुक्तिबोध की काव्य–चेतना
डॉ० तीर्थनाथ मिश्र, दरभंगा ||134

30) हिन्दू और इस्लामी संस्कृतियों का सम्मिश्रण एवं उसका प्रभाव
डॉ० दर्शन मेहता & डॉ० जानकी मठपाल, नैनीताल ||138

31) वैश्विक महामारी (कोविड–१९) और आत्मनिर्भर भारत अभियान
डॉ. सुनील कुमार मौर्य, (यू.एस, नगर), उत्तराखण्ड ||141

32) आतंकवाद के मुख्य मानदण्ड एवं इसका एक विश्लेषणात्मक अध्ययन
डॉ० नीरज कुमार & डॉ० अनिल कुमार, मेरठ (उत्तर प्रदेश) ||145

33) सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल
देवेन्द्र कुमार पाठक, महराजगंज, उ० प्र० ||149

34) गाँधीवादी दर्शन और अनुप्रयोग(Gandhian Philosophy and Practice)
चन्द्र मोहन पोद्दार, दरभंगा ||151

35) सतनाम सम्प्रदाय का उद्‌भव विकास
डॉ.(श्रीमती) गायत्री साहू ||153

36) भारती के काव्य में भाषिक सौंदर्य
डॉ. ओम प्रकाश सैनी, कैथल, हरियाणा ||156

37) आज़ादी का जश्न पीड़ा की एवज़ में('मार्फत दिल्ली' के विशेष संदर्भ में)
पूजा शर्मा, Jammu ||161

38) स्वतंत्रता–समानता और न्याय भारत के संविधान की उद्देशिका के दृष्टिकोण से ...
डॉ राम आशीष श्रीवास्तव, बलौदाबाजार (छ.ग.) ||164

39) जूनियर हाईस्कूल कक्षाओं में अध्ययनरत मूक बाधिर एवं सामान्य विद्यार्थियों के ...
रेनू सिंह & डॉ० सत्यवीर सिंह चौधरी, हापुड़ (उ०प्र०) ||171

www.vidyawarta.com/03 | http://www.printingarea.blogspot.com

40) श्रीमद् भागवत पुराण में वाणी का विश्लेषण
डॉ० सपना सिंह & द्रौपदी देवी, गोरखपुर (उ०प्र०) भारत ||177

41) कथाकार शेखर जोशी के कथा–साहित्य में संवेदना
डा० विक्रम सिंह, पिथौरागढ़ ||179

42) आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यरत महिलाओं की प्रस्थिति, भूमिका एवं कार्य संतुष्टि
Dr.Smita Kumari ||188

43) लातूर जिल्हयातील लिंग गुणोत्तराचा चिकित्सक अभ्यास
रजनीकांत तुकाराम करडे ||193

www.vidyawarta.com/03 | http://www.printingarea.blogspot.com

"वह लोग।
यह लोग।
वह मुल्क।
यह मुल्क।
कितना फर्क।
कितनी दूरी।
कहां है नजदीकी।"[१]

अपना देश, घर, परिवार, रिश्तेदार छोड़ आए यह लोग अर्थात शरणार्थी बात–बात पर मरने–मारने को तैयार रहते। "विस्थापित/रिफ्यूजी। बचे–खुचे कुटुम्ब कबीलों के साथ नए वतन की सड़कों की धूल छान रहे हैं।"[२] काश यह बंटवारा नहीं हुआ होता तो देश की जनता को इस पीड़ा से नहीं गुज़रना पड़ता।

अतः कहा जा सकता है कि कृष्णा जी ने 'मार्फत दिल्ली' में आजादी के बाद के समय की सामाजिक, राजनीतिक तथा साहित्यिक छवियों को अंकित किया है। यह वह समय था जब भारतवासी लम्बे समय से देश के आज़ाद होने का इन्तजार कर रहे थे और जब देश आज़ाद हुआ तो खुशी के साथ–साथ एक भयानक पीड़ा भी देशवासियों के हिस्से आई। इस पीड़ा से देश अभी तक उभर नहीं पाया है। आज से सात दशक पहले जो साम्प्रदायिकता के बीज बोए गए थे। उसका परिणाम देश आज भी समाज में हो रहे हिन्दु–मुस्लिम वैमनस्य तथा दंगों के रूप में भुगत रहा है।

संदर्भ

१. कृष्णा सोबती,मार्फत दिल्ली, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, २०१८, पृ. १२
२. वही, पृ. १२–१३
३. वही, पृ. ३७
४. वही, पृ. ३७–३८
५. वही, पृ. ३८–३९
६. वही, पृ. ५८
७. वही, पृ. ६१
८. वही, पृ. ३८
९. वही, पृ. ४७
१०. वही, पृ. ३७
११. वही, पृ. ५८
१२. वही, पृ. ५८

38

स्वतंत्रता–समानता और न्याय भारत के संविधान की उद्देशिका के दृष्टिकोण से : वर्तमान परिदृश्य

डॉ राम आशीष श्रीवास्तव
सहायक प्राध्यापक (विधि),
गोविन्द सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय
भाटापारा–बलौदाबाजार (छ.ग.)

सार–संक्षेप

प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य यह जानना है कि भारत के संविधान की उद्देशिका में मूलित सिद्धांतों के अनुरूप भारत के नागरिको स्वतंत्रता समानता और न्याय सुलभ हो रहा है या नहीं? माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्णयों में संविधान की उद्देशिका के सिद्धांतों को कहाँ तक सम्मिलित कियागया है? भारत में कार्यपालिका के द्वारा किस प्रकार से नीति निमाण किया जारहा है जो कि लोककल्याण के लिए आवश्यक है। विधायिका के द्वारा विधि निर्माण में किस प्रकार से उद्देशिका के अनुरूप विधि निर्माण कार्य किया जा रहा है? भारत के संविधान की उद्देशिका भारत के संविधान के दर्पण के रूप में काम करती है। यदि हम भारत के संविधान की आत्मा को जानना चाहते है तो हमें भारत कि सविधान की प्रस्तावना का सहारा लेना पडता है। भारत के संविधान की प्रस्तावना भारत के संविधान का एक अभिन्न अंग है यदि इसमें ऐसा परिवर्तन या संशोधन किया जाता है जो कि भारत के संविधान के मूलभूत ढाँचे के विरूद्ध है, तो ऐसे संशोधन को मान्य नहीं किया जा सकता।

मूल शब्दः संविधान, उद्देशिका (प्रस्तावना), मूल अधिकार, राज्यके नीति के निदेशक तत्व, स्वतंत्रता, समानताएवं न्याय।

परिचय

भारत के संविधान को बनाने में संविधान निर्मात्री सभा के लिए २ वर्ष ११ माह १८ दिन का समय लगा

संविधान निर्माण से पूर्व संविधान निर्मात्री सभा के विभिन्न सदस्यों ने समितियों के माध्यम से लगभग ६० देषो का भ्रमण कर वहाँ की संवैधानिक व्यवस्था का अध्ययन किया और फिर इस संविधान का निर्माण किया गया। भारत के संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव आंबेडकर जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा वे संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। आज हम जिस सामाजिक न्याय की चर्चा करते है वे सभी संविधान निर्माताओं के द्वारा संविधान में मूलित किये गये है। संविधान के भाग चार के अंतर्गत लोक कल्याण की उपधारणा का उपबंध किया गया है जो कि बहुजन हिताएँ बहुजन सुखाय की परिकल्पना पर आधारित है। भारत के संविधान की प्रस्तावना संविधान निर्माताओं के आदर्षों, आकांक्षाओं और उनके मंतव्यों को जानने का साधन है। स्टोरी महोदय के अनुसार संविधान की उद्देषिका एक कुंजी के रूप में संविधान निर्माताओं के मस्तिश्क को खोलने का काम करती है इससे यह सहायता मिलती है कि संविधान निर्माताओं की मंषा क्या थी? विधि व्यवस्था की यदि स्थापना करनी है तो लोगों की स्वतंत्रता पर हमेंषा निर्बंधन अधिरोपित करने पडतें है यह एक दूसरे के विपरीत चलते है। भारत में स्वतंत्रता का अधिकार पूर्ण अधिकार नहीं है यह एक निर्बंधित अधिकार है। भारत के संविधान के अंतर्गत विचार, अभिव्यक्ति विष्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता की बात की गई है। भारत के संविधान के अंतर्गत प्रस्तावना में प्रतिष्ठा एवं अवसर की समता प्रदत्त की गई है।

भारत के संविधान की उद्देशिका

भारत के संविधान की प्रस्तावना मूल रूप में इस प्रकार से है

हम भारत भारत के लोग, भारत को **एक संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक** गणराजय बनाने के लिए,
तथा उसके समस्त नागरिकों को:
समाजिक, आर्थिक न्याय और राजनीतिक **न्याय,**
विचार, अभिव्यक्ति, विष्वास, धर्म
और उपासना की **स्वतंत्रता,**
प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**
प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में
व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता
और अखंडता सुनिश्चित करने वाली **बंधुता**
बढ़ाने के लिए
दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में
आज तारीख २६ नवंबर, १९४९ ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को
एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

१३ दिसम्बर को उद्देश्य संकल्प संविधान निर्मात्री सभा में प्रस्तावित किया गया । भारत के संविधान की मूल आकांक्षाओं को उद्देशिका के रूप में परिणित किया गया। भारत के संविधान की प्रस्तावना के संबंध में अर्नेस्ट बार्कर द्वारा व्यक्त किया गया कि, "जब मैं उसे पढ़ता हूं तो मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि मेरी इस पुस्तक में जो तर्क दिए गए हैं उन्हें उद्देशिका संक्षिप्त और सारभूत रूप में प्रस्तुत करती है। मैं उसे उद्धृत करना चाहता हूं क्योंकि मुझे गर्व है कि भारत के लोग अपना स्वतंत्र जीवन प्रारंभ करते समय उस राजनीतिक परंपरा के सिद्धांतों को मान्यता दे रहे हैं जिन्हें हम पश्चिम की परंपरा कहते हैं किंतु जो पश्चिम तक ही सीमित नहीं है।"

भारत के संविधान की प्रस्तावना के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण बातों पर जोर दिया गया है जिसमें पहली बात यह कि हम भारत के लोग भारत के संविधान को कैसा बनाना चाहते है? जिसका उत्तर प्रस्तावना में मिलता है कि हम भारत के संविधान के लिए सम्पूर्ण प्रभुत्वसंपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाना चाहते है। दूसरी बात यह कि हम भारत के संविधान के माध्यम से भारत नागरिको के लिए क्या प्रदान करना चाहते है? किसी भी देश का विकास वहाँ के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है इसी कारण से प्रत्येक राज्य के लिय यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है कि क्या उसके नागरिको के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता प्रदान की गई है या नहीं। भारत के संविधान की प्रस्तावना के अंतर्गत विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता प्रदत्त की गई है। साथ ही प्रतिष्ठा एवं अवसर की समानता प्रदान की गई है।

उद्देश्य

प्रस्तुत शोध पत्र के उद्देश्य निम्नांकित है–

यह ज्ञात करना कि, भारत के संविधान के अंतर्गत उद्देशिका में अंर्तवलित सिद्धांतों को प्राप्त करने में हम कहाँ तक सफल हो सके है।

यह जानना कि, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त उद्देशिका के अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय हम कहाँ तक प्राप्त कर सके है?

यह ज्ञात करना कि, भारत के संविधान की उद्देशिका के मानको के अनुरूप संविधान के अंतर्गत नीतियों का निर्माण किया जा रहा है?

भारत के संविधान के अंतर्गत स्थापित सामाजिक न्याय एवं लोककल्याणकारी राज्य की स्थापना क्या वर्तमान समय में हो सकी है।

साहित्य का पुनर्विलोकन

भारत के संविधान की उद्देशिका विषय पर ज्यादा शोध कार्य नहीं किया गया है। उद्देशिका पर भारत के संविधान के अंतर्गत एक अध्याय के अंतर्गत अध्ययन प्राप्त होते है साथ कुछ पुस्तकों के अंतर्गत इस विषय पर अध्ययन प्राप्त होते है। प्रस्तुत शोध पत्र के दौरान जिन साहित्य क अध्ययन किया गया का पुनर्विलोकन निम्न लिखित है–

अवस्थी सुधा (तृतीय संस्करण २०१६) प्रस्तुत पुस्तक भारत का संविधान को २२ भागों में विभक्त किया गया है। भाग एक के पूर्व ही भारत के संविधान की उद्देशिका की व्याख्या की गई है। जिसके अंतर्गत भारत के संविधान की उद्देशिका का वर्णन किया गया है जो कि उद्देशिका का मूल रूप है। उद्देशिका के अंतर्गत प्रस्तुत पुस्तक में धर्मनिरपेक्षता, धर्म निरपेक्षता इनका आधार, सामाजिक प्रजातंत्र का अर्थ, सामाजिक न्याय इत्यादि पद का वर्णन किया गया है। चूकि यह शोध पत्र भारत के संविधान की उद्देशिका पर पर आधारित है जिस कारण प्रस्तुत पुस्तक का इस खंड से सीधा संबंध है। पुस्तक के इस खंड के भाग ५ के अंतर्गत सामाजिक न्याय की व्याख्या की गई है जो कि प्रस्तुत पुस्तक सामाजिक न्याय की अवधारण का स्पष्ट विवरण मिलता है जिसका कि न्यायालय के निर्णय के साथ व्याख्या की गई है।

(बसु दुर्गा दासपुनः मुदित २००७) प्रस्तुत पुस्तक भारत का संविधान–एक परिचय जिसके अध्याय ३ संविधान का दर्शन के अंतर्गत भरत के संविधान की उद्देशिका का विस्तृत वर्णन किया गया है। जिसमें उद्देश्य–संकल्प के साथ संपूर्ण प्रस्तावना के आवश्यक तत्वों को पृथक–पृथक रूप में व्याख्या की गई है।

(बाबेल बसन्तीलाल ग्यारहवाँ संस्करण २०१२)

भारत का संविधान पुस्तक के अंतर्गत भारत के संविधान की उद्देशिका का वर्णन मिलता है। पुस्तक के अध्याय ३ जिसका शीर्षक संविधान की प्रस्तावना है के अंतर्गत उद्देशिका के आवश्यक तत्वों का वर्णन न्यायालय के विभिन्न महत्वपूर्ण वादों के माध्यम से किया गया है।

(चतुर्वेदी मुरलीधर चौदहवा संस्करण २०१०)

भाग एक के पूर्व ही भारत के संविधान की उद्देशिका की व्याख्या की गई है। जिसके अंतर्गत भारत के संविधान की उद्देशिका का वर्णन किया गया है जो कि उद्देशिका का मूल रूप है साथ ही साथ उद्देशिका में निविष्ट संकल्प, भारत राष्ट्र की रचना का संकल्प, नागरिक अधिकारो को सुलभ कराने का संकल्प, संविधान के अंगीकरण की तारीख, संविधान के निर्वचन में उद्देशिका का महत्व तथा क्या उद्देशिका संविधान का अंग है का विवरण दिया गया है।

(पाण्डेय जय नारायण अड़तालीसवाँ संस्करण२०१५)

पुस्तक के अध्याय ४ के अंतर्गत संविधान की उद्देशिका शीर्षक के अंतर्गत– उद्देशिका का संविधान के निर्वचन में महत्व, उद्देशिका से लाभ, संविधान का उद्देश्य, उद्देशिका में संशोधन की विस्तृत व्याख्या इस पुस्तक के अंतर्गत की गई है।

(शर्मा ब्रजकिशोर नौवां संस्करण २०१२)

भारत का संविधान एक परिचय्य पुस्तक के अध्याय ४ के अंतर्गत संविधान की उद्देशिका शीर्षक के अंतर्गत संविधान की उद्देशिका के विभिन्न पहलुओं की व्याख्या की गई है।

(लियाव ओरगेड २०१०)

The Preamble in Constitutional interpretation शोध पत्र के अंतर्गत किये गये अध्ययन के अंतर्गत अमेरिकी संविधान के सामाजिक आर्थिक पहलुओं का अध्ययन किया गया है। उद्शिका के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन प्रस्तुत किया गया।

शोध विधि

प्रस्तुत शोध पत्र के अंतर्गतवर्णात्मक विधि का प्रयोग किया गया है। उपस्थित विधियों, न्यायनिर्णयों के अंतर्गत एवं सरकार की नितियों के उपलब्ध द्वितियक श्रोतो के माध्यम से अध्ययन किया गया है। साथ ही शोध पत्र के अंतर्गत अधिनियमों, पूर्वनिर्णयों एवं शासकीय योजनाओं एवं प्रकाशित शासकीय प्रतिवेदनों कातुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

विश्लेषण और निर्वचन

प्रस्तुत आकडों, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों, विभिन्न अधिनियमों तथा भारत के संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के माध्यम से यहाँ पर जानने का प्रयास करेगे कि भारत के संविधान की उद्देशिका के अंर्तनिहित स्वतंत्रता समानता और न्याय कहाँ तक

हम भारत के लोगो तक पहँच सकी है।

चित्र क्रमांक १



Source- National Judicial Data Grid[१]

चित्र क्रमांक २



Source- National Judicial Data Grid[३]

चित्र क्रमांक ३



Source- National Judicial Data Grid [४]

चित्र क्रमांक ४



Source-National Crime Record Bureau[५]

भारत के संविधान एवं विभिन्न अधिनियमों के अंर्तगत स्वतंत्रता, समानता एवं सामाजिक न्याय प्रदान करने के लिए उदाहरण स्वरूप कुछ अधिनियमों का उल्लेख किया गया है जो की प्रस्ताना के अंतर्गत निहित सिद्धांतों से परिपूर्ण है–

दहेज प्रतिषेध अधिनियम १९६१, अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम १९५६, स्त्रियों का अशिष्ट प्रस्तुतीकरण (प्रतिषेध) अधिनियम १९८६, सती (निवारण) अधिनियम १९८७, बाल विवाह, अवरोध अधिनियम १९२९,गर्भ का चिकित्सीय समापत अधिकनियम १९७१, चलचित्र अधिनियम १९५२, विशेश विवाह अधिनियम १९५४, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम १९५६, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम २००५, भारतीय कारखाना अधिनियम १९४८, भारतीय खान अधिनियम १९५२, मोटर परिवहन कार्मकार अधिनियम, १९६१, बीड़ी तथा सिगार कर्मकार (नियोजन की शर्तें अधिनियम) १९६१, बालश्रम (प्रतिषेध और विनियम) अधिनियम, १९८६।

भारत के संविधान की उद्देशिका के द्वारा प्रदत्त तत्वों का दर्शन भारत के संविधान के भाग ४ राज्य के नीति के निदेशक तत्वों के अंतर्गत होता है जिसके अंतर्गत समाजिक औरआर्थिक न्याय प्राप्त करने के सिद्धांत, समाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण आदि से संबंधित है। राज्य के नीति के निदेशक तत्वों के अंतर्गत जिन तत्वों को सम्मिलित किया गया है उनके अंतर्गत कुछ उदाहरण स्वरूप दिये जा रहे है, राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिये सामाजिक व्यवस्था बनायेगा[६], राज्य द्वारा अनुसरणीय कुछ नीति तत्व[७] जिसमें पुरूष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन, समुदाय का भौतिक सम्पदा का स्वामित्व, धन और उत्पाद साधनों का समान वितरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, कर्मकारों के स्वास्थ्य और शक्ति को ध्यान में रखते हुए रोजगार, बालको को स्वतंत्र और गरिमामय वातावरण में स्वास्थ विकास के अवसर और सुविधायें दी जाये और बालकों और अल्पवय व्यक्तियों की शोषण से तथा नैतिक और आर्थिक परित्याग से रक्षा की जाये, समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता[८], ग्राम पंचायत का संगठन[९], कुछ दशाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार[१०], काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं तथा प्रसूति सहायता का प्रबन्ध[११], कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि[१२],

उद्योग के प्रबनध में कर्मकारों का भाग लेना[13], नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता[14], छः वर्षो से कम आयु के बालकों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था को देखकर और शिक्षा का उपबन्ध[15], अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल वर्गों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि[16], पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करने का राज्य का कर्तव्य[17], इत्यादि।

न्यायालय के निर्णय

एयर इण्डिया बनाम नर्मिज मिजा[18]के वाद में माननीय सर्वोच्च न्यायालय एयर इंडिया की नियमावली के इस नियम को असंबैधानिक घोषित करते हुए निरस्त कर दिया जिसमें कहा गया था कि गर्भवती होने पर सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एक महत्वपूर्ण वाद **सेन्ट्रल इनलैण्ड वाटर ट्रासपोर्ट कारपोरेशन बनाम ब्रजोनाथ गांगुली**[19] में अभिनिर्धारित किया गया कि, लोकनियंत्रण में उद्भूत वस्तुओं का समान वितरण, व्यक्तिगत हितों और अधिकारों का संरक्षण और लोकहितों का उसके साथ तालमेल किया जाना आवश्यक होता है।

भारत में कोरोना के कारण गरीबी और बढ़ गई है कई लोगों को अपनी नौकरी खोनी पड़ी है। सी.एम. आई.ई की रिपोर्ट के अनुसार भारत. में ७० लाख नौकरी फरवरी २०२० से फरवरी २०२१ के बीच चली गई।[20] भारत सरकार के द्वारा इस हालात से उबरने के लिए कई प्रकार के प्रयास किये गये जिसके अंतर्गत कई प्रकार की योजनाओं का शुभारंभ किया गया साथ ही साथ राज्यों के द्वारा भी स्वास्थ्य के संबंध में कई प्रकार की योजनाओं का संचालन किया गया। इस प्रकार से यदि हम देखे तो कही न कही ये योजनाएँ भी सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय को पूरा करती है और लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना की ओर अग्रसर होती है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने **आल इण्डिया जजेज एसोसियेशन बनाम भारत संघ**[21] के महत्वपूर्ण वाद में अभिनिर्धारित किया कि, नगरिकों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतन्त्र और कार्यक्षम न्याय व्यवस्था की भारतीय संविधान के मूलस्वरूप का एक भाग है। एक अन्य वाद **साधू राम बंशल बनाम पुलिस बिहार सरकार,**[22] के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा अभिनिर्धारित किया गया कि, न्याय प्रदान करने के संकल्प के पीछे जनता के कल्याण को सुनिश्चित करना है। प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक नयाय प्रदान करने का तात्पर्य व्यक्ति के सामाजिक जीवन में व्यक्तिगत हितों और सामाजिक हितों के बीच समन्वय स्थापित करना है। भारत के मूख्य न्यायमूर्ति माननीय एन.व्ही. रम्ना के द्वारा भारत की विभिन्न अदालतों में लंबित विभिन्न वादों को संदर्भित करते हुए कहा कि, "भारत की अदालतों में लंवित वादों की संख्या ४.५ करोड़ पहुंच गई है" राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड एवं सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार वर्तमान में जिला और अिधीनस्थ न्यायालयों में ३.९ करोड़ मामले लंबित हैं, विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों में ५८.५ लाख मामले और सर्वोच्च न्यायालय में ६९ हजार से अधिक मामले विचाराधीन है।[23]

उद्देशिका एवं समानता का अधिकार

भारत के संविधान के भाग तीन के अंतर्गत समानता एवं स्वतंत्रता के अधिकार के लिए मूल अधिकार के रूप में परिणित किया गया है। अनुच्छेद १४–१८ तक समता का अधिकार एवं १९ से २२ तक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदत्त किया गया है। भारत के संविधान का अनुच्छेद १४ विधि के समक्ष समता और विधियों के समान संरक्षण प्रदान करता है। यहाँ पर विधि के समक्ष समता जिसकी प्रकृति निषेधात्मक है जिसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी व्यक्ति के पक्ष में राज्य के द्वारा कोई विशिष्ट सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जायेगी, प्रत्येक व्यक्ति राष्ट्र की विधि के समक्ष समान होगा, हर व्यक्ति चाहे उसकी स्थिति कैसी भी क्यों न हो, विधि के शासन के अध्यधीन होगा सभी की स्थिति समान होगी। विधियों का समान संरक्षण जिसकी प्रकृति सकारात्मक है। जिसमें कि एक विधि को एक समान लागू किया जाये और समान परिस्थितियों में रहने वाले व्यक्तियों के साथ भेदभाव का व्यवहार न किया जाये। एक समान व्यवहार या बर्ताव विशेषाधिकारों प्रदत्त किये जाने तथा दायित्वों के अधिरोपित किये जाने में किये जाने से है। समता एक गतिशील धारणा है जिसके अनेक रूप और आयाम हैं और इसे परम्परागत और सिद्धांतवाद की सीमाओं से नहीं बाँधा जा सकता है ।" अनुच्छेद १४ राज्य की कार्यवाहियों में मनमाने पन को वर्जित करता हैं और समान व्यवहार की अपेक्षा करता है। युक्तियुक्तता का सिद्धांत समता के सिद्धांत का एक

आवश्यक तत्व है जो अनुच्छेद १४ में सर्वदा विद्यमान रहता है। वस्तुतः समता और मनमानापन एक दूसरे के शत्रु हैं। जहाँ कोई कार्य मनमाना किया जायेगा वहाँ असमानता अवश्य होगी और अनुच्छेद १४ का अतिक्रमण होगा।[24]

भारत के संविधान के अंतर्गत समानता के अधिकार के अंतर्गत जिन अधिकारों को सम्मिलित किया गया है वे अधिकार है धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध[25], लोक नियोजन के विषयों में अवसर की समता[26], अस्पृश्यता का अंत[27], उपाधियों का अंत[28]। संविधान की उद्देशिका के अंतर्गत प्रतिष्ठा और अवसर की समता को एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है । भारत के संविधान के अनुच्छेद १४–१८ के अंतर्गत समता के अधिकार के अंतर्गत न्याय और लोकपद तथा नियोजन के विशय के अंतर्गत समान व्यवहार का अधिकार है। समानता के अधिकार से यही भी अभिप्रेत है कि सभी विधियाँ समान रूप से लागू की जाएगी।

भारत के संविधान के अंतर्गत समता एवं समानता के अधिकार के प्रवर्तन के लिए जिस इकाई की व्यवस्था की गई है वह भारत के संविधान के मूल अधिकारों के प्रवर्तन की व्यवस्था भी है जिसके लिए अनुच्छेद ३२ सर्वोच्च न्यायालय एवं अनुच्छेद २२६ उच्च न्यायालय में उपचार प्राप्त किया जा सकता है। भारत के संविधान के अंतर्गत मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिए प्राप्त सांविधानिक उपचारों के अधिकार अर्थात् संविधान के अनुच्छेद ३२ के संबंध में डॉ. अम्बेडकर कहते है कि, यदि मुझसे पूछा जाये कि संविधान में कौन सा विशेष अनुच्छेद सबसे महत्वपूर्ण है जिसके बिना यह संविधान शून्य हो जायेगा तो मैं इसके सिवाय किसी दूसरे अनुच्छेद का नाम नहीं लूँगा यह संविधान की आत्मा है।

उद्देशिका एवं स्वतंत्रता

भारत के संविधान के अंतर्गत जिन स्वतंत्रताओं का उपबंध किया गया है वे पूर्ण नहीं है उन पर निर्बंध लगाये जा सकते है अर्थात् विधि व्यवस्था के आधार पर उन पर रोक लगाई जा सकती है। भारत के संविधान की प्रस्तावना के अंतर्गत विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता की बात की गई है। भारत के संविधान के अंतर्गत प्रदत्त मूल अधिकारों के अंतर्गत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है जिसके अंतर्गत वाक्–स्वातंत्र्य आदि विषयक कुछ अधिकारों का संरक्षण[29], अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण[30], प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण[31], शिक्षा का अधिकार[32], कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण[33]।

वाक्–स्वातंत्र्य आदि विषयक कुछ अधिकारों का संरक्षण जिसके अंतर्गत छः स्वतंत्रताओं का उपबंध किया गया है साथ ही साथ उन पर निर्बंधन भी लगाये गये है। वाक्–स्वातन्त्र्य और अभिव्यक्ति स्वातन्त्र्य का जिस पर भारत की प्रभुता और अखण्डता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्री पूर्ण संबंधों, लोक व्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हित में अथवा न्यायालय अवमानना, मानहानि या अपराध उद्दीपन के संबंध में युक्तियुक्त निर्बन्धन लगाये जा सकते है। शांतिपूर्ण और निरायुध सम्मेलन जिस पर भारत की प्रभुता और अखंडता या लोक व्यवस्था के हित में निर्बंधन एवं संगम एवं सघ बनाने के संबंध में निर्बंधन है भारत की प्रभुता और अखंडता या लोकव्यवस्था या सदाचार। भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण एवं भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भाग में निवास करने और बस जाने के लिए साधारण जनता के हित में या किसी अनुसूचित जनजाति के हित संरक्षण के लिए निर्बंधित किया जा सकता है। उपरोक्त के साथ ही साथ वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारबार करने के अधिकार पर साधारण जनता के हित में निर्बंधित किया जा सकता है। यहाँ पर यह भी स्पशट कर देना समीचीन होगा कि आपात की दषा में सर्व प्रथम अनुच्छेद १९ ही निलंबित हो जात है अर्थातृ यह अधिकार पूर्ण अधिकार नहीं है। विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्रता एवं समानता दोनों को ही निर्बंधित किया जा सकता है।

उद्देशिका एवं न्याय–

भारत के संविधान के अंतर्गत सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय का उपबंध किया गया है। सामाजिक और आर्थिक न्याय के मिश्रित रूप को वितरणकारी न्याय कहा जाता है। वितरणकारी न्याय असमानता को दूर करने का एक साधन है। न्याय का वितरण समाज में समान रूप से हो इसके लिए भारत की प्रस्तावना के साथ–साथ राज्य के नीति के निदेशक तत्वों के अंतर्गत भी सामाजिक आर्थिक नयाय को प्राप्त करने के साधनों की व्यवस्था लोककल्याण कारी राज्य का एक कतर्व्य के रूप में परिणत किया गया

है। जो कि बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित है। जो कि मार्कण्ड पुराण के इस सूक्त पर आधारित है जिसमें कहा गया है कि,

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मां कश्चित् दुःख भाग्भवेत्।।

न्याय की उपधारणा से परिपूर्ण यह सूक्त सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक नयाय के सरोकार को परिपूर्ण करता है और यह स्पष्ट करता है कि हमारी सामासिक संस्कृति न्याय को अपनी आप में समाये हुए है। भारत के संविधान के अंतर्गत सर्वजन हिताए एवं सर्वजन सुखाय के लिए लोक कल्याणकारी राज्य की उपधारण के माध्यम से स्वीकार किया गया है जिसके अंतर्गत महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडे वर्ग, मजदूर, श्रमिक एवं पीड़ित आदि व्यक्तियों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का प्रयत्न किया गया हैं। भारत के संविधान की उद्देशिका में प्रदत्त न्याय को प्राप्त करने के लिए एवं राज्य के नीति के निदेशक तत्व के अंतर्गत उद्देश्य एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई योजनाओं का भी कार्यान्वियन एवं क्रियान्वयन समय–समय पर किया जाता है।

उपसंहार

वर्तमान समय में क्या हम संविधान की प्रस्तावना में अंतर्वलित संवैधानिक आदर्शों का पालन कर पा रहे है? यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रस्तावना और संविधान के अंतर्गत उपलब्ध स्वतंत्रता और समानता सभी के लिए हो। आज भी जब अधिकारों की बात आती है तो गरीबी और अज्ञानता सामने आजाती है जिस कारण से सभी उपबंध निरर्थक हो जाते है। वर्तमान समय में अधिकारों और कतर्व्यों में टकराव उत्पन्न हो रहा है इसका कारण कानून का अस्पष्ट होना है। भारत के संविधान की प्रस्तावना में निहित स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता लोगों के पक्ष में प्रवर्तित हो। लोक कल्याण सर्वोपरि हो जिससे कि हम एक सरल एवं सादा माध्याम पैदा कर सके। प्रस्तावना में परिलक्षित है कि हम भारत के लोग भारत के संविधान का स्त्रोत है। इसके द्वारा भारत के संविधान का उद्देश्य जिसके अंतर्गत अधिकारों तथा स्वतंत्रताओं की घोषणा की गई है।

भारत के समस्त नागरिकों को मताधिकार, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति तथा जनजाति एवं पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के विकास एवं कल्याण की याजनाओं, लोक सेवाओं में समान अवसर इत्यादि सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय के कार्य मानेजाते है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा **कुलदीप नैयूयर बनाम भारत संघ**[२४] के महत्वपूण मामले में यह अभिनिर्धारित किया गया कि संविधान की उद्देशिका संविधान का एक अभिन्न अंग है।

क्या राज्य का दायित्व पिछड़े और निर्धन लोगों को नौकरी भोजन स्वास्थ्य चिकित्सा की सुविधा प्रदान कर देने मात्र से समाप्त हो जाता है? यदि हॉ तो अब तक हमें विकसित देशों की सूची में आजाना चाहिए था और यदि नहीं तों इसके लिए क्या करना आवश्यक होगा? यहॉ पर राज्य के लिए ऐसे प्रयत्न करने होगे जिससे कि उसके प्रत्येक नागरिक स्वयं अपने लिए अवसर पैदा कर सकें। किसी भी देश का विकास उसके नागरिकों पर निर्भर होता है और यह तभी संभव हो सकता है जब वहॉ के लोगों के लिए किसी के सहारे की आवश्यकता न हो, वे आत्मनिर्भर हो।

संदर्भ ग्रंथ सूँची

अवस्थी, सुधा, भारत का संविधान. (तृतीय संस्करण) नई दिल्ली : इण्डिया पब्लिशिंग कम्पनी प्रकाशन विभाग (२०१६).

बसु, दुर्गा दास, भारत का संविधान एक परिचय. (पुनः मुदित) इलाहाबाद : सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी पब्लिकेशन्स (२००७).

बबेल, बसन्तीलाल, भारत का संविधान. (ग्यारहवॉ संस्करण) इलाहाबाद :सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स (२०१२).

चतुर्वेदी, मुरलीधर,भारत का संविधान. (चौदहवा संस्करण) इलाहाबाद : इलाहाबाद लॉ एजेन्सी पब्लिकेशन्स (२०१०).

पाण्डेय, जय नारायण,भारत का संविधान. (अड़तालीसवॉ संस्करण) इलाहाबाद : सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी (२०१५).

शर्मा ब्रजकिशोर,भारत का संविधान एक परिचय. (नौवां संस्करण) नई दिल्ली : पीएचआई लर्निंग प्राईवेट लिमिटेड(२०१२).

संदर्भ

१ अर्नेस्ट बार्कर; प्रिंसिपल्स आफ सोशल एंड पोलिटिकल थ्योरी, ओ.यू.पी., १९६१ पृष्ठ ६

2 https://njdg.ecourts.gov.in/njdgnew/?p=main/pend_dashboard 7:25,PM 09/12/2021

3 https://njdg.ecourts.gov.in/njdgnew/?p=main/pend_dashboard 7:25,PM 09/12/2021

4 https://njdg.ecourts.gov.in/njdgnew/?p=main/pend_dashboard 7:25,PM 09/12/2021

5http/:ncrb.gov.in/sites/default/file/crime/_in_india

६ भारत का संविधान, अनुच्छेद ३८

७ अनुच्छेद ३९

८ अनुच्छेद ३९क.

९ अनुच्छेद ४०

१० अनुच्छेद ४१

११ वहीं अनुच्छेद ४२

१२ वहीं अनुच्छेद ४३

१३ वहीं अनुच्छेद ४३–क.

१४ वहीं अनुच्छेद ४४

१५ वहीं अनुच्छेद ४५

१६ वहीं अनुच्छेद ४६

१७ वहीं अनुच्छेद ४७

१८ ए.आई.आर.१९८१एस.सी.११४९

१९ (१९८६) ३ एस.सी.सी. १५६

२० https://indianexpress.com/article/opinion/the-pandemic-has-worsened-indias-poverty-crisis-7394367/

२१ (२००२) ४ एस.सी.सी. २४७

२२ (१९८४) ३ एस.सी.सी. ४१०

२३ https://www.news18.com/news/explainers/explained-cji-ramana-says-4-5-crore3:56 9/12/2021

२४ इ. पी. रोयप्पा बनाम तमिलनाडु राज्य ए.आई.आर.१९७४ एस सी ५९७

२५ भारत का संविधान अनुच्छेद, १५

२६ भारत का संविधान अनुच्छेद, १६

२७ भारत का संविधान अनुच्छेद, १७

२८ भारत का संविधान अनुच्छेद, १८

२९ भारत का संविधान अनुच्छेद, १९

३० भारत का संविधान अनुच्छेद, २०

३१ भारत का संविधान अनुच्छेद, २१

३२ भारत का संविधान अनुच्छेद, २१–क.

३३ भारत का संविधान अनुच्छेद, २२

३४ (२००६) ७ एस.सी.सी. १

39

जूनियर हाईस्कूल कक्षाओं में अध्ययनरत मूक बाधिर एवं सामान्य विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन

रेनू सिंह
पी०एच०डी० (छात्रा), शिक्षा संकाय,
मोनॉड विश्वविद्यालय, करतला, कासमाबाद, हापुड़ (उ०प्र०)

डॉ० सत्यवीर सिंह चौधरी
एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा संकाय,
मोनॉड विश्वविद्यालय, हापुड़ (उ०प्र०)

१.१ प्रस्तावना

दंडित किया जायेगा। लोक जल स्त्रोत या जलाशय के जल कलुषित करना, जो कोई लोक जल स्त्रोत या जलाशय के जल को स्वेच्छा इस प्रकार भ्रष्ट या कलुषित करेगी कि वह उस प्रयोजन के लिए, जिसके लिए वह मामूली तौर पर उपयोग में आता हो कम उपयोग हो जाये, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि तीन मास तक हो सकेगी या जुर्माना से जो पाँच सौ रूपये तक को हो सकेगा,दण्डित किया जायेगा। वायुमण्डल को स्वस्थ के लिए अपायकर बनाना जो कोई किसी स्थान के वायुमण्डल को स्वेच्छया इस प्रकार दूषित करेगा कि वह जनसाधारण के स्वास्थ्य के लिए जो निवास या कारोबार करते हो, या लोक मार्ग में आते–जाते हों अपायकर बन जायें व जुमाने से जो पॉच सौ रूपये तक का हो सकेगा दण्डित किया जायेगा। भारतीय दण्ड संहिता १८६० के अंतर्गत पूर्व वर्णित धाराओं में पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण निवारण और नियंत्रण के लिए किसी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है।

संहिता १६७३ के अंतर्गत किसी अपराध के निवारण के लिए क्या प्रक्रिया के विरूध कार्यवाही की जा सकती है। दण्ड प्रक्रिया संहिता १६७३ के अंतर्गत किसी अपराध के निवारण के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जायेगी। इस संबंध में महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं जो कि तामील या अधिसूचना जिस व्यक्ति को न्यूसेंस हटाने संबंधी आदेश संबोधित हो, वह उसका पालन करेगा या कारण दर्शित करेगा। असफल रहने का परिणम होगा कि उसे भारतीय दंड संहिता की धारा १८८ के अंतर्गत दंडित किया जायेगा। न्यूसेंस के अर्जेन्ट मामलों में आदेश जारी करने संबंधी प्रवधान है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण निवारण और नियंत्रण के लिए विधायन हैः पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, १६८६; जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण)अधिनियम १६७४; जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण उपकर अधिनियम १६७७; वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम १६८१; भारतीय वायरल अधिनियम १६२३; भारतीय वन अधिनियम १६२७; वन संरक्षण अधिनियम; वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम १६७२; लोक दायित्व बीमा अधिनियम; राष्ट्रीय पर्यावरण अभिकरण अधिनियम १६६५; पर्यावरण संरक्षण करने का मूल उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण और सुधार करना हैं।पर्यावरण प्रदूषण दूर करने हेतु उपाय जिनका यदि सही तरीके से उपयोग किया जाये तो पर्यावरण प्रदूषण को दूर किया जा सकता है। जिनमें प्रदूषण मुक्त प्रौद्योगिकी का विकास, जनसंख्या भार में कमि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध विदोहन पर नियंत्रण, व क्षारोपण, सरकारी नीतियां और दंड विधान का उपबंध, जनजाग ति तथा पर्यावरण शिक्षा का प्रचार–प्रसार आदि प्रमुख हैं।

आज मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं को विस्त त कर लिया हैं। एक तरफ तो मानव पर्यावरण बिगड़ रहा है। मानव पर्यावरण का तात्पर्य है सामाजिक भेद–भाव से है। जहाँ एक के पास पीने का पानी नहीं है, वहीं दूसरा व्यक्तिगत विमान से चल रहा है और ईधन को पानी की तरह बहा रहा है। वर्तमान समय में यदि हम अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेजों की बात करें तो पालन एक रूपता से नहीं हो पा रहा है। दस्तावेज एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून छोटे एवं बड़े देशों के बीच में विभक्त है। विकसित देश पर्यावरण से संबंधित अपने वादों से मुकरते नजर आ रहे हैं। पर्यावरण की तो बात क्या है। विश्व में ऐसे परमाणु एवं नाभिकीय हथियार हैं जो पूरी दुनिया को पल भर में भस्म कर सकते हैं। भारत में पर्यावरण संरक्षण के नाम एवं सफाई अभियान के नाम पर अच्छे कार्य किये जा रहे हैं। किन्तु राशि की मात्रा अत्यधिक है। भारत में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा सराहनीय भूमिका अदा की गई है।

संदर्भ

१. बाबेल, बसंती लाल; पर्यावरण एवं कानून, सुविधि लॉ हाऊस भोपाल।
२ शुक्ल, व्ही. एन; कान्स्टीट्यूशन ऑफ इंडिया, ईस्टर्न बुक कंपनी लखनऊ।
३ राठी, आर.एल.; आधुनिक पर्यावरण विधि, यूनिवर्सिटी बुक हाऊस, जयपुर।
४ प्रसाद, अनिरूद्ध; पर्यावरण संरक्षण कानून, ईस्टर्न बुक कंपनी, लखनऊ।
५ उपाध्याय, जय जय राम; भारत का संविधान, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद।
६ शर्मा, पी.डी.; इकोलॉजी एण्ड एन्वायरमेन्ट, रस्तोगी पब्लीकेषन मेरठ।
७ पाण्डेय, जयनारायण; भारत का संविधान, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद।
८. ऑल इंडिया रिर्पोटर।
९ क्रिमनल लॉ जर्नल।

MPHIN26256/12/I/2011-TC
जून - 2019 वर्ष - 8, अंक - 4
UGC No.: 41109
ISSN 2231-2951
रेफर्ड रिसर्च जर्नल

मध्यप्रदेश सामाजिक शोध समग्र

(Madhya Pradesh Samajik Shodh Samagra)

शोध एवं संदर्भ की राष्ट्रीय पत्रिका

(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त नं. 41109)

लोक विकास

लोक विकास एवं अनुसंधान ट्रस्ट

(देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त समाज शास्त्र एवं राजनीति शास्त्र का शोध केन्द्र)
301, ईशान अपार्टमेन्ट, 13/2, स्नेहलतागंज, इन्दौर-452003 (म.प्र.)
फोन : 0731-2434934, मोबा. : 09826011413
ई-मेल : mpshodhsamagra@gmail.com www.mpshodhsamagra.org
https://www.facebook.com / shodhsamagra

MPHIN26256/12/1/2011-TC
जून-2019 वर्ष-8, अंक-4
UGC No.: 41109
ISSN 2231-2951
रेफर्ड रिसर्च जर्नल

मध्यप्रदेश सामाजिक शोध समग्र

(Madhya Pradesh Samajik Shodh Samagra)

शोध एवं संदर्भ की राष्ट्रीय पत्रिका

(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नईदिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त नं. 41109)

सम्पादक

डॉ. लता तपन भट्टाचार्य

निदेशक एवं प्रबंध न्यासी

लोक विकास एवं अनुसंधान ट्रस्ट, इन्दौर

सम्पादक मंडल

डॉ. उषा तिवारी

सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्राध्यापक, राजनीतिशास्त्र, इन्दौर

प्रो. कमल दीक्षित

सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्राध्यापक, पत्रकारिता, माखनलाल चतुर्वेदी विवि., भोपाल

डॉ. नीलम हिंगोरानी

सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्राध्यापक, समाजशास्त्र, शासकीय महाविद्यालय, देअविवि, इन्दौर

लोक विकास एवं अनुसंधान ट्रस्ट

(देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र का शोध केन्द्र)

301, ईशान अपार्टमेन्ट, 13/2, स्नेहलतागंज, इन्दौर - 452003 (म.प्र.)

फोन : 0731-2434972, मोबा. : 09826011413

ई-मेल : mpshodhsamagra@gmail.com, www.mpshodhsamagra.org

https://www.facebook.com / shodhsamagra

MPHIN26256/12/1/2011-TC

ISSN 2231-2951 / रेफर्ड रिसर्च जर्नल

शोध / आलेख विवरणिका

	पृष्ठ क्र.
❑ डॉ. लता तपन भट्टाचार्य निदेशक की कलम से	4
❑ डॉ. उषा तिवारी हिन्द स्वराज (कांग्रेस और उसके कर्ता-धर्ता)	6
❑ डॉ. आभा श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ के साहित्य का पर्याय - लाला जगदलपुरी	8
❑ डॉ. नीतू श्रीवास्तव "महायोगी गुरू-गोरक्षनाथ के विशिष्ट अवदान"	12
❑ डॉ. राजकुमार भारत में न्यायिक नियुक्ति : एक आलोचनात्मक विश्लेषण	16
❑ डॉ. गिरीश गौरव भारतीय सामाजिक व्यवस्था का आधार पुरुषार्थ चतुष्क : ऐतिहासिक विश्लेषण	21
❑ कलीम मोहम्मद सिद्दीकी युवाओं में बढ़ती अपराधिक प्रवृत्तियों के कारण एवं प्रभाव का अध्ययन (इन्दौर शहर के सन्दर्भ में)	32
❑ नगारची जामरे मध्यप्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं का विकास एवं महिला नेतृत्व	34
❑ डॉ. करुणामती एवं डॉ. नवीनसिंह राजपूत छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राज्य शासन की विकासकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन	39
❑ डॉ. भूपेन्द्र कुमार व डॉ. विजय कुमार साहू छत्तीसगढ़ राज्य के कवर्धा जिले में बैगा जनजाति के विकास में पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत किए गए प्रयासों का अध्ययन	43
❑ निशा कुमारी बाढ़ तथा बाँध की राजनीति : कोसी बेसिन के सन्दर्भ में विश्लेषण	46

	पृष्ठ क्र.
❑ रंजना कन्नोज मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजातियों का भौगोलिक एवं जनांकिकी परिचय	51
❑ रेणु कांगे एवं डॉ. सुचित्रा शर्मा सोशल नेटवर्किंग साइट्स का पारिवारिक जीवन पर प्रभाव (रायपुर नगर के विशेष संदर्भ में)	60
❑ टिंकु प्रसाद शर्मा एवं डॉ. पुष्पा तिवारी रायपुर जिले के ट्रांसजेंडरों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन	64
❑ श्रीधर बर्वे समय है हिन्दी भाषियों को अपने गिरेबान में देखने का	67
❑ डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 एवं वर्तमान परिदृश्य	71
❑ श्रीधर बर्वे हिन्द महासागर और भारत की सुरक्षा	80
❑ Nagesh Parashar IRDAI's Initiatives towards Policy Holders' Grievance Handling and Consumer Education: A Study	84
❑ Dr. Abhikrati Shukla & Dr. Gyanchand Khimesera Impact of Rashtriya Bal Swasthya Karyakram on Economic Empowerment of women in Mandsaur, M.P - A case study	90
❑ Nagesh Parashar Customers' Complaint in Life Insurance: Need to Handle with Care	104
❑ Dr. Shivani Diwan& Dr. Sambit K.Padhi Library Facilities in Different Central and State Universities of Central India	109
❑ Priyanka Kewalramani Importance of Integration of Peace Education with teacher Training	121

MPHIN26256/12/1/2011-TC ISSN 2231-2951 / रेफर्ड रिसर्च जर्नल

ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 एवं वर्तमान परिदृश्य

डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव*

सार–संक्षेप– *वर्तमान में यदि हम ग्राम की बात करें तो एक अलग तस्वीर हमारे सामने आती है जिसमें शहरी संस्कृति का हस्तक्षेप पदार्पित हो चुका है। पंचायत ग्राम के लिए कार्यपालक विधायी एवं न्यायपालिक कार्य को किया करते हैं। पंचायत एवं ग्राम सभा की अधिकारिता सीमित होने के कारण सभी प्रकार के मामलों का निपटारा पंचायतों के द्वारा नहीं किया जा सकता है जिस कारण से न्याय की स्थापना नहीं हो पाती। नागरिकों की उनके घरों पर न्याय तक पहुंच उपलब्ध कराना, साधारण जन स्तर पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना करना, यह सुनिश्चित करना कि कोई नागरिक सामाजिक, आर्थिक या अन्य निःशक्तता के कारण न्याय प्राप्त करने से वंचित न रह जाये, इनसे संबंधित या आनुशंगिक विषयों का उपबंध करना। उपरोक्त कारणों से ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया गया। ग्राम न्यायालय एक चलित न्यायालय के रूप में काम करता हैं। यह न्यायालय अपनी अधिकारिता के भीतर आने वाले मामलों का निपटारा गाँवों तक पहुँच कर करते हैं। सुनवाई के लिए प्रत्येक गाँव के लिए तारीखों का निर्धारण पूर्व से किया जाता है। 6 माह की समय सीमा के भीतर मामलों को निपटाने का प्रयत्न किया जात हैं।*

मूल शब्द : ग्राम न्यायालय, पंचायती राज, चलित न्यायालय, प्रकिृया, अधिकारिता एवं संक्षिप्त विचारण

परिचय :

73वें संविधान संशोधन से पूर्व की पंचायती राज व्यवस्था में, जो राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना पर आधारित थी, पंचायती राज कानून में न्याय पंचायतों की व्यवस्था थी। यह पंच परमेश्वर की न्याय प्रणाली का ही एक स्वरूप थी। चौपाल पर न्याय की अवधारणा का प्रतिरूप थी। इन न्याय पंचायतों में ग्राम स्तर के छोटे–मोटे सिविल एवं आपराधिक मामले निपट जाया करते थे। इससे नियमित न्यायालयों पर काम का बोझ नहीं बढ़ पाता था। लेकिन नये पंचायती राज कानूनों में इन न्याय पंचायतों को स्थान नही दिया गया। एक लम्बे अन्तराल के बाद शासन–प्रशासन का ध्यान पुनः इस न्याय व्यवस्था पर गया और एक नई अवधारणा ग्राम न्यायालयों की सामने आई।

भारत गांवों का देष है, अधिकांश आबादी गांवों में रहती है जो कृषक हैं, अशिक्षित हैं और निर्धन भी है। वे अपने अधिकारों एवं कर्त्तव्यों से भी परिचित नहीं है। कानूनों की जानकारी होना तो असम्भव बात है। यही कारण है कि अधिकांश लोग न्याय से वंचित रह जाते हैं। वे अर्थाभाव या अन्य किसी कारण से न्यायालय में दस्तक नहीं दे पाते। दीर्घकालीन और खर्चीली न्याय व्यवस्था होने के कारण आम आदमी को न्याय सुलभ नहीं हो पाता। यहीं कारण है कि संविधान में एक नया अनुच्छेद 39क जोड़कर ऐसे लोगों को न्याय सुलभ कराने का प्रयास किया गया।

आर्थिक या अन्य निःशक्तता के कारण न्याय प्राप्त करने से वंचित न रह जाये, इनसे संबंधित या आनुषंगिक विषयों को अधिनियमित किया गया। ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 के लिए आठ आध्यायों में बांटा गया है जिसमें सर्वप्रथम अध्याय 1 प्रारंभिक, अध्याय 2 ग्राम न्यायालय, अध्याय 3 ग्राम न्यायालय की अधिकारिता, अध्याय 4 दाण्डिक मामलों में प्रक्रिया, अध्याय 5 सिविल मामलों में प्रक्रिया, अध्याय 6, साधारणतः प्रक्रिया, अध्याय 7 अपीलें एवं अध्याय 8 प्रकीर्ण हैं। प्रस्तुत अध्याय की कुछ महत्व पूर्ण बातें जिसके अंतर्गत ग्राम न्यायालय प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय होगा और उसके पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के परामर्श से की जाएगी। न्यायाधिकारी की अर्हताएं उसका वेतन और उसकी सेवा के निबंधन और शर्तें वहीं होंगी, जो प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट की हैं, ग्राम न्यायालय की स्थापना किसी जिले में मध्यवर्ती स्तर पर प्रत्येक पंचायत या मध्यवर्ती स्तर पर समीपस्थ पंचायत के समूह के लिए या जहां किसी राज्य में मध्यवर्ती स्तर पर कोई पंचायत नहीं है वहां समीपस्थ पंचायतों के समूह के लिए की जाएगी, ग्राम न्यायालय एक चल न्यायालय होगा और सिविल और दांडिक दोनों न्यायालयों की शक्तियों का प्रयोग करेगा। सिविल वादों की धनीय अधिकारिता, आदि संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा अधिसूचित की जाएगी, ग्राम न्यायालय ऐसे दांडिक मामलों, सिविल वादों या विवादों का विचारण करेगा।

संदर्भ

1. बाबेल डॉ. बसंतीलाल (2010) ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 सुविधा लॉ हाऊस प्रा.लि. भोपाल।
2 चौधरी राधाकृष्ण (1982), भारत में स्थानीय शासन, मोतीलाल बनारसीदास, पटना।
3 शर्मा विद्यासागर (1956), पंचायती राज, हिन्दी प्रकाशन मंदिर, इलाहाबाद।
4 सान्याल भूपेन्द्रनाथ (1964), भारत में पंचायती राज, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली।
5 बसु नारायण (1965), पंचायती राज की परिकल्पना, इंडियन प्रेस प्रा.लि., इलाहाबाद।
6 डे ऐस. के. (1961), पंचायती राज एशिया पब्लिकेशन हाउस, मुम्बई।
7 एम. के. गाँधी (1949), पंचायतीराज, नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद।
8 मैथ्यू जॉर्ज (2003), भारत में पंचायती राज, वाणी प्रकाशन, 21–ए, दरियागंज, नई दिल्ली।
9 शर्मा हरिशचन्द्र (1986), भारत में स्थानीय प्रशासन, कालेज बुक डिपो, जयपुर।
10 भारत प्रशासन (1957), संविधान प्रकाशन विभाग, भारत सरकार।
11 भारत का संविधान, भारत सरकार विधायी विभाग, नई दिल्ली।
12 ग्राम न्यायालय अधिनियम, भारत सरकार विधायी विभाग, नई दिल्ली।

***डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव**
सहायक प्राध्यापक (विधि), गोविन्द सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय, भाटापारा, बलौदा बाजार (छ.ग.)

भारत में पंचायतीराज . एक संवैधानिक दृष्टिकोण

डॉ राम आशीष श्रीवास्तव*,

सार–संक्षेप :

महात्मा गॉधी के स्वप्न ग्राम स्वराज जिसमें गॉवों के विकास के लिए ग्राम स्तर पर पंचायतों के गठन की व्यवस्था करता है। सर्वप्रथम 2 अक्टूबर 1959 को पंचायती राज की स्थापना का द्वीप प्रज्जवलित किया गया था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 40 के अंर्तगत राज्य का यह कर्तव्य बना दिया गया कि वह ग्राम पंचायतों का गठन करे जिससे कि वे स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य कर सकें। 73 वे संविधान संशोधन अधिनियम 1992 द्वारा अब तो पंचायती राज संस्थाओं के सम्बंध में संपूर्ण देश के लिए एकरूप–व्यवस्था की गई है। यह संशोधन अधिनियम 25 अप्रैल 1993 से संपूर्ण देश में लागू कर दिया गया। इस संशोधन द्वारा संविधान में पंचायत से संबंधित एक नया अध्याय भारत के संविधान के भाग 9 में जोडा गया जिसमें अनुच्छेद 243 से 243ण समाहित है, साथ ही ग्यारहवी अनुसूची जोड दी गई जिसमें उन विषयों का उल्लेख किया गया है जो पंचायत के कार्यक्षेत्र में आते हैं। संविधान में पंचायती राज को स्थान दिया जाना पंचायती राज के महत्व को परिलक्षित करता है। भारत देश जहॉ की 70 प्रतिशत जनसंख्या गॉवों में निवास करती है, पंचायती राज की उपेक्षा नहीं की जा सकती। पंचायत, चौपाल एवं ग्राम साभाएॅ भारत के ग्रामीण अंचल की नैसर्गिक संस्थाएॅ रही हैं। इन्हीं के मध्य से ग्रामवासी अपना सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक समाधान करते रहे हैं। ऐसी संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया जाना सामयिक कदम है। ग्राम पंचायतों के गठन के संबंध में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में उपबंध किया गया है कि, "राज्य ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियों और प्राधिकार प्रदान करेगा, जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाई के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो।" चूकि भारत के संविधान के अंतर्गत अुनच्छेद 40 का उपबंध प्रारंभ से किया गया था किन्तु फिर भी इस दिशा में सहीं कदम नहीं उठाये गये थे जिस कारण से भारत के संविधान में 73वें संविधान संशोधन की आवश्यकता पड़ी।

मूल–शब्द :पंचायतीराज, ग्रामस्वराज, पंचायत, ग्राम सभा, नियंत्रण, निवारण, अधिनियम, संशोधन।

परिचय :

भारत के संविधान के अंतर्गत जिन उद्देश्यों एवं मानदण्डों को अपनाया गया है क्या वे प्राप्त कर जिये गये है। भारत एक वृहद देश है। राज्य की न्यूनतम इकाई ग्राम है। यदि हम संपूर्ण भारत का विकास करना चाहते है तो हमें विकास के केन्द्रबिन्दु ग्राम को बनाना होगा। भारत के संविधान की प्रस्तावना के अंतर्गत जो लक्ष्य निर्धारित किये गये है वे है संपूर्णप्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं लोकतंत्रात्मक गणराज्य। साथ ही साथ भारत के नागरिको के लिए न्याय जिसमें सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय की स्थापना तथा स्वतंत्रता जिसमें विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता की बात कही गई है। प्रस्तावना के अंतर्गत ही व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता के संबंध में बतलाया गया है। यदि भारत में इन उद्देश्य एवं लक्ष्य को पूर्णता प्रदान करनी है

* सहायक प्राध्यापक (विधि) गोविन्द सारंग विधि महाविद्यालय भाटापारा–बलौदाबाजार (छ.ग.)

तो ग्राम स्वराज के माध्यम से इसे गति प्रदान की जा सकती है। ***भानुमति बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश*** [1] के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के संवैधानिकता प्रदान करने के मुख्यतया उद्देश्य बताये गये जिनमें सामाजिक ढ़ॉचे में परिर्वतन लाना, पंचायती राज संस्थाओं के संवैधानिक प्रास्थिति प्रदान कराना तथा, राजनीति में उन्हें तीसरी सरकार के रूप में मान्यता प्रदान कराना प्रमुख हैं। ***भीम सिंह बनाम भारत संघ*** **एवं अन्य**[2] के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह अभिमत व्यक्त किया गया कि एम.पी.एल.ए.डी. योजना संविधान के 73वें और 74वें संशोधनों से विपरीत है।

ग्राम पंचायतों का संगठन :

ग्राम पंचायतों के गठन के संबंध में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में उपबंध किया गया है कि, "राज्य ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियों और प्राधिकार प्रदान करेगा, जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाई के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो।" अनुच्छेद 40 के अनुसार राज्य की यह जिम्मेदारी बना दी गई कि ग्राम पंचायतों की स्थापना की जाये। इस प्रावधान के अंतर्गत भारत के विभिन्न राज्यों में ग्राम पंचायतों की स्थापना की गई है। अनुच्छेद 40 का खंड (क) का उपखंड (1) निर्दिष्ट करता है कि प्रत्येक राज्य में ग्राम मध्यवर्ती और जिला स्तर पर इस भाग के उपबंधों के अनुसार पंचायतों का गठन किया जाएगा । साथ ही साथ उपखंड (2) में यह कहा गया है कि खण्ड (1) में किसी बात के होते हुए भी मध्यवर्ती स्तर पर पंचायत का उस राज्य में गठन नहीं किया जाएगा जिसकी जनसंख्या बीस लाख से अनधिक है ।

भारतोय संविधान का भाग 9–पंचायत :

भारत के संविधान के अध्याय 9 के अंतर्गत पंचायत से संबंधित प्रावधानों के संबंध में उपबंध किया गया है जिससे संबंधित अनुच्छेद 243–243 ण. तक इस अध्याय में विस्त्रत हैं। भाग 9 अंतर्गत प्रथमतः परिभाषाए इसके पश्चात् क्रमशः ग्राम सभा[3], पंचायतों के गठन[4], संरचना[5], स्थानों के आरंक्षण[6], अवधि[7] , सदस्यता के लिए निरर्हताए[8] , पंचायतों की शक्तियॉ प्राधिकार और उत्तरदायित्व [9], कर अधिरोपित करने की शक्तियॉ और उनकी निधियॉ[10] , वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त आयोग का गठन[11] , पंचायतों के लेखाओं की संपरीक्षा[12] , पंचायतों के लिए निर्वाचन[13] , संघ राज्यक्षेत्रों को लागू होना[14] , इस भाग का कतिपय क्षेत्रों को लागू न होना[15] , विद्यमान विधियों और पंचायतों का बना रहना [16] एवं निर्वाचन संबंधी मामलों में न्यायालय के हस्तक्षेप का वर्जन[17] संबंधी उपबंध किये गये हैं।

---

1 ए.आई.आर 2010 एस.सी. 3796

2 SC civil writ petition No.404 of 1999

3 भारत का संविधान अनुच्छेद 243 (क)

4 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ख

5 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ग

6 भारत का संविधान अनुच्छेद 243घ

7 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ड.

8 भारत का संविधान अनुच्छेद 243च

9 भारत का संविधान अनुच्छेद 243छ

10 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ज

11 भारत का संविधान अनुच्छेद 243झ

12 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ञ

13 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ट

14 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ठ

पंचायतों का गठन :

भारत का संविधान यह उपबंधित करता है कि (1) प्रत्येक राज्य में ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर पर इस भाग के उपबंधों के अनुसार पंचायतों का गठन किया जाएगा। (2) खण्ड (1) में किसी बात के होते हुए भी मध्यवर्ती स्तर पर पंचायत का उस राज्य में गठन नहीं किया जा सकेगा, जिसकी जनसंख्या बीस लाख से अनधिक है।[18]

पंचायतों की संरचना :

भारत का संविधान यह उपबंधित करता है कि (1) इस भाग के उपबंधों के अधीन रहते हुए किसी राज्य का विधान मंडल विधि द्वारा पंचायतों की संरचना की बाबत् उपबंध कर सकेगा। परंतु किसी भी स्तर पर पंचायत के प्रादेशिक

क्षेत्र की जनसंख्या का ऐसी पंचायत में निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अनुपात समस्त राज्य में यथासाध्य एक ही हो। (2) किसी पंचायत के सभी स्थान, पंचायत क्षेत्र में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने हुए व्यक्ति से भरे जाएंगे और इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक पंचायत क्षेत्र को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसी रीति से विभाजित किया जाएगा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या का उसको आवंटित स्थानों की संख्या से अनुपात समस्त पंचायत क्षेत्र में यथासाध्य एक ही हो। (3) किसी राज्य का विधान–मंडल विधि द्वारा– (क) ग्राम स्तर पर पंचायतों के अध्यक्षों का मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों में या ऐसे राज्य की दशा में जहां मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतें नहीं हैं, जिला स्तर पर पंचायतों में (ख) मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों के अध्यक्षों का जिला स्तर पर पंचायतों में। (ग) लोकसभा के ऐसे सदस्यों का और राज्य की विधानसभा के ऐसे सदस्यों का, जो उन निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें ग्राम स्तर से भिन्न स्तर पर कोई पंचायत क्षेत्र पूर्णतः या भागतः समाविष्ट है, ऐसी पंचायत में। (घ) राज्य सभा के सदस्यों का और राज्य की विधान परिषद के सदस्यों का, जहां वे मध्यवर्ती स्तर पर किसी पंचायत क्षेत्र के भीतर निर्वाचकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत है, मध्यवर्ती स्तर पर पंचायत जिला स्तर पर किसी पंचायत क्षेत्र के भीतर निर्वाचकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत हैं, जिला स्तर पर पंचायत में प्रतिनिधित्व करने के लिए उपबंध कर सकेगा। (4) किसी पंचायत के अध्यक्ष और किसी पंचायत के ऐसे अन्य सदस्यों को, चाहे वे पंचायत क्षेत्र में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने गए हों या नहीं, पंचायतों के अधिवेशनों में मत देने का अधिकार होगा। (5) (क) ग्राम स्तर पर किसी पंचायत के अध्यक्ष का निर्वाचन ऐसी रीति से, जो राज्य के विधान–मंडल विधि द्वारा उपबंधित करे जाएँ, किया जाएगा, और (ख) मध्यवर्ती स्तर या जिला स्तर पर किसी पंचायत के अध्यक्ष का निर्वाचन, उसके निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने में से किया जाएगा।[19]

स्थानों का आरक्षण :

पंचायतों के अंतर्गत आरक्षण दिया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि ग्रामीण जनमानस से ही दे" ा का विकास संभव हो सकता है और उनमें से ऐसे वर्ग के लोग जिनका प्रतिनिधित्व न के बराबर था उनको आरक्षण की व्यवस्था का दिया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। यहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है जो कि निम्न लिखित है :– (1) प्रत्येक पंचायत में–(क) अनुसूचित जातियों और (ख) अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थान आरक्षित रहेंगे और इस प्रकार आरक्षित स्थानों की संख्या का अनुपात, उस पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या से यथा" ाक्य वही होगा, जो उस पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जातियों

---

15 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ड.

16 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ढ

17 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ण

18 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ख

19 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ग

की अथवा उस पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या का अनुपात उस क्षेत्र की कुल जनसंख्या से है और ऐसे स्थान किसी पंचायत में भिन्न–भिन्न निर्वाचन क्षेत्रों को चक्रानुक्रम से आबंटित किए जा सकेंगे।

(2) खण्ड (1) के अधीन आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के कम से कम एक तिहाई स्थान, यथास्थिति अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों की स्त्रियों के लिए आरक्षित रहेंगे।

(3) प्रत्येक पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या के कम से कम एक तिहाई स्थान (जिनके अंतर्गत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की स्त्रियों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या भी है) स्त्रियों के लिए आरक्षित रहेंगे और ऐसे स्थान किसी पंचायत में भिन्न–भिन्न निर्वाचन क्षेत्रों की चक्रानुक्रम से आवंटित किए जा सकेंगे।

(4) ग्राम या किसी अन्य स्तर पर पंचायतों में अध्यक्षों के पद अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और स्त्रियों के लिए ऐसी रीति से आरक्षित रहेंगे, जो राज्य का विधान–मंडल विधि द्वारा उपबंधित करें। परंतु किसी राज्य में प्रत्येक स्तर पर पंचायतों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित अध्यक्षों के पदों की संख्या का अनुपात प्रत्येक स्तर पर उन पंचायतों में से ऐसे पदों की कुल संख्या से यथाशक्य वही होगा, जो उस राज्य में अनुसूचित जातियों की अथवा उस राज्य में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या का अनुपात उस राज्य की कुल जनसंख्या से है। परंतु यह भी कि इस खंड के अधीन आरक्षित पदों की संख्या प्रत्येक स्तर पर भिन्न–भिन्न पंचायतों को चक्रानुक्रम से आवंटित की जाएगी।

(5) खण्ड (1) और खण्ड (2) के अधीन स्थानों का आरक्षण और खण्ड (4) के अधीन अध्यक्षों के पदों का आरक्षण (जो स्त्रियों के लिए आरक्षण से भिन्न है) अनुच्छेद 334 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर प्रभावी नहीं रहेगा।

(6) इस भाग की कोई बात किसी राज्य के विधान मंडल को पिछड़े हुए नागरिकों के किसी वर्ग के पक्ष में किसी स्तर पर किसी पंचायत में स्थनों के या पंचायतों में अध्यक्षों के पदो के आरक्षण के लिए कोई उपबन्ध करने से निवारित नहीं करेगी। [20]

पंचायतों की अवधि, आदि :

(1) प्रत्येक पंचायत, यदि तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन पहले ही विघटित नहीं कर दी जाती है तो अपने प्रथम अधिवे" ान के लिए नियत तारीख से पॉच वर्ष तक बनी रहेगी, इससे अधिक नहीं। (2) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के किसी संशोधन से किसी स्तर पर ऐसी पंचायत का, जो ऐसे संशोधन के ठीक पूर्व कार्य कर रही है, तब तक विघटन नहीं होगा, जब तक खण्ड (1) में विनिर्दिष्ट उसकी अवधि समाप्त नहीं हो जाती। (3) किसी पंचायत का गठन करने कि लिए निर्वाचन– (क) खण्ड (1) में विनिर्दिष्ट उसकी अवधि की समाप्ति के पूर्वः (ख) उसके विघटन की तारीख से छह मास की अवधि की समाप्ति के पूर्व, पूरा किया जाएगा। परंतु जहां वह शेष अवधि, जिसके लिए कोई विघटत पंचायत बनी रहती, छह मास से कम है, वहां ऐसी अवधि के लिए उस पंचायत का गठन करने के लिए इस खण्ड के अधीन कोई निर्वाचन कराना आव" यक नहीं होगा। (4) किसी पंचायत की अवधि की समाप्ति के पूर्व उस पंचायत के विघटन पर गठित की गई कोई पंचायत उस अवधि के केवल शेष भाग कि लिए बनी रहेगी, जिसके लिए विघटित पंचायत खण्ड (1) के अधीन बनी रहती, यदि वह इस प्रकार विघटित नहीं की जाती। [21]

शासन के इस तीसरे सोपान की पंचायती राज इकाइयों का कार्यकाल भी केंद्र व राज्य सरकार की भांति समान करने के लिए यह प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक पंचायती राज इकाई का कार्यकाल, यदि वह, राज्य में तत्समय प्रवर्तित किसी

20 भारत का संविधान अनुच्छेद 243घ

21 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ड

विधि के अधीन पहले भंग नहीं कर दी जाती है तो, 5 वर्ष होगा और इससे अधिक नहीं। इसी संदर्भ में ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि संविधान में पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकाल को 5 वर्ष घोषित किया गया है तथा शब्द "इससे अधिक नही" पर विशेष बल दिया गया है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के विषय में संविधान में कहा गया है कि इन संस्थाओं के चुनाव उनके निर्धारित कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व कराए जाए और यदि ये संस्थाएं समय से पूर्व भंग की जाती है तो भंग किए जाने की तिथि से 6 माह की अवधि में नए चुनाव कराने होंगे।

इस संदर्भ में यह उपबन्ध भी किया गया है, कि यदि भंग की हुई संस्था का निर्धारित कार्यकाल 6 माह से कम रह गया हो तो ऐसे चुनाव कराए जाने आव" यक नहीं होंगे। भंग किए जाने के प" चात् नई चुनी हुई पंचायती राज इकाई, उस शेष अवधि के लिए ही कार्य करेगी जितनी अवधि के लिए वह इकाई कार्य करती, यदि वह भंग नही की गई होती।

सदस्यता के लिए निरर्हताएँ :

भारत का संविधान यह उपबंधित करता है कि (1) कोई व्यक्ति किसी पंचायत का सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य होने के लिए निरर्हित होगा–(क) यदि वह संबंधित राज्य के विधान–मंडल के निर्वाचनों के प्रयोजनों के लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस प्रकार निरर्हित कर दिया जाता है। परंतु कोई व्यक्ति इस आधार पर निरर्हित नहीं होगा कि उसकी आयु पच्चीस वर्ष से कम है, यदि उसने इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है। (ख) यदि वह राज्य के विधान–मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस प्रकार निरर्हित कर दिया जाता है। (2) यदि यह प्र" न उठता है कि किसी पंचायत का कोई सदस्य खण्ड (1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं तो वह प्रश्न ऐसे प्राधिकारी को और ऐसी रीति से, जो राज्य का विधान–मंडल, विधि द्वारा, उपबंधित करें, विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा।[22]

शक्तियाँ और प्राधिकार :

भारतीय संविधान के अंतर्गत भाग 9 जोड़ने के पीछे एक महत्वपूर्ण उद्देश्य यह था कि पंचायतीराज संस्थाओं को पूर्ण शक्तियॉ और प्राधिकार प्रदान किये जाये उसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 छ के अन्तर्गत पंचायत को शक्तियॉ प्राधिकार और उत्तरदायित्व प्रदान किये गये हैं।

पंचायतों की शक्तियॉ, प्राधिकार और उत्तरदायित्व संविधान के उपबंधों के अधीन रहते हुए किसी राज्य का विधान–मंडल, विधि द्वारा, पंचायतों को ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान कर सकेगा, जो उन्हें स्वायत्त शासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने में समर्थ बनाने के लिए आवश्यक हों और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो उसमें विनिर्दिष्ट की जाएँ, निम्नलिखित के संबंध में शक्तियां और उत्तरदायित्व न्यागत करने के लिए उपबंध किए जा सकेंगे, अर्थात–

(i) आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए योजनाएं तैयार करना

(ii) आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की ऐसी स्कीमों को, जो उन्हें सौंपी जाएं, जिनके अंतर्गत वे स्कीमें भी हैं, जो ग्यारहवीं अनुसूची में सूचीबद्ध विषयों के संबंध में हैं, कार्यान्वित करना[23]

पंचायतों द्वारा कर अधिरोपित करने की शक्तियों और उनकी निधियाँ :

किसी राज्य का विधान मंडल विधि द्वारा–(क) ऐसे कर, शुल्क, पथकर और फीसें उद्गृहीत, संग्रहित और विनियोजित करने के लिए किसी पंचायत को, ऐसी प्रक्रिया के अनुसार और ऐसे निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए, प्राधिकृत कर सकेगा। (ख) राज्य सरकार द्वारा उद्गृहीत और संग्रहीत ऐसे कर, शुल्क, पथकर और फीसें किसी पंचायत को ऐसे प्रयोजनों के लिए तथा

22 भारत का संविधान अनुच्छेद 243च

23 भारत का संविधान अनुच्छेद 243 छ

ऐसी शर्तों और निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए समनुदिष्ट कर सकेगा। (ग) राज्य की संचित निधि में से पंचायतों के लिए ऐसे सहायता–अनुदान देने के लिए उपबंध कर सकेगा, और (घ) पंचायतों द्वारा या उनकी ओर से क्रमशः प्राप्त किए गए सभी धनों को जमा करने के लिए ऐसी निधियों का गठन करने और उन निधियों में से ऐसे धनों को निकालने के लिए भी उपबंध कर सकेगा, जो विधि में विनिर्दिष्ट किए जाएँ।[24]

वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त आयोग का गठन :

राज्यों के राज्यपाल, 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रवर्तन के एक वर्ष की अवधि में और उसके पश्चात् प्रति 5 वर्ष के अन्तराल पर राज्यों की पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा, और राज्य सरकार द्वारा लगाये गए करों से हुई आय का राज्य द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के मध्य वितरण, पंचायती राज संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले करों को चिन्हित करने, राज्य की संचित निधि से इन संस्थाओं को दिए जाने वाले अनुदान के सिद्धातों का निर्धारण, और पंचायती राज संस्थाओं की वित्तिय स्थिति में सुधार लाने के लिए किये जाने वाले उपायों तथा वित्तीय स्वरूप के संदर्भ में सौपें गए किन्हीं भी अन्य कार्यो का निश्पादन करने के लिए राज्य वित्त आयोग का गठन करेंगे। राज्य विधान मंडल विधि के माध्यम से इस वित्त आयोग के संगठन और उसमें नियुक्त किए जाने वाले सदस्यों की योग्यताओं और इन सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया का निर्धारण कर सकेगी। भारत के संविधान के अंतर्गत प्रावधान किया गया है किः– (1) राज्य का राज्यपाल संविधान (तिहत्तरवां संशोधन) अधिनियम, 1992 के प्रारंभ से एक वर्ष के भीतर यथा" शीघ्र और तत्पश्चात प्रत्येक पांचवें वर्ष की समाप्ति पर वित्त आयोग का गठन करेगा, जो पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा, और जो– (क) राज्य द्वारा उद्गृहीत करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों के ऐसे शुद्व आगमों के राज्य और पंचायतों के बीच, जो इस भाग के अधीन उनमें विभाजित किए जाएँ, वितरण को और सभी स्तरों पर पंचायतों के बीच ऐसे आगमों के तत्संबंधी भाग के आवंटन को। ऐसे करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों के अवधारण को, जो पंचायतों को समनुदिष्ट की जा सकेंगी या उनके द्वारा विनियोजित की जा सकेगी। राज्य की संचित निधि में से पंचायतों के लिए सहायाता अनुदान को, शासित करने वाले सिद्वांतों के बारे में। (ख) पंचायतों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक अध्युपायों के बारे में। (ग) पंयायतों के सुदृढ़ वित्त के हित में राज्यपाल द्वारा वित्त आयोग को निर्दिष्ट किए गए किसी अन्य विषय के बारे में, राज्यपाल को सिफारिश करेगा। (2) राज्य का विधान मंडल, विधि द्वारा, आयोग की संरचना का, उन अर्हताओं का, जो आयोग के सदस्यों के रूप में नियुक्ति के लिए अपेक्षित होंगी और उस रीति का, जिससे उनका चयन किया जाएगा, उपबंध कर सकेगा। (3) आयोग अपनी प्रक्रिया अवधारित करेगा और उसे अपने कृत्यों के पालन में ऐसी शक्तियां होगी, जो राज्य का विधान मंडल विधि द्वारा उसे प्रदान करे। (4) राज्यपाल इस अनुच्छेद के अधीन आयोग द्वारा की गई प्रत्येक सिफारिश को उस पर की गई कार्रवाई के स्पष्टीकारक ज्ञापन सहित राज्य के विधान मंडल के समक्ष रखवाएगा। [25]

पंचायतों के लेखाओं की संपरीक्षा :

किसी राज्य का विधान–मंडल, विधि द्वारा, पंचायतों द्वारा लेखे रखे जाने और ऐसे लेखाओं की संपरीक्षा करने के बारे में उपबंध कर सकेगा।[26] उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश विधान मंडल के द्वारा उपबंध किया गया है कि ग्राम सभा समुचित रूप से लेखा पुस्तकें संधारित करवाएगी तथा लखाओं का वार्षिक विवरण तैयार करेगी। ग्राम सभा के लेखाओं की संपरीक्षा समय–समय पर ऐसी रीति में तथा ऐसे प्राधिकारी द्वारा की जाएगी जा कि विहित किया जाए तथा प्रस्तुत संपरीक्षा रिपोर्ट

24 भारत का संविधान अनुच्छेद 243 ज

25 भारत का संविधान अनुच्छेद 243झ

26 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ञ

ग्राम सभा के समक्ष आगामी सम्मेलन में रखी जाएगी।[27] इसी के अनुरूप ग्राम पंचायत जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के लिए लेखाओं की संपरीक्षा के लिए उपबंध किये गये है।

पंचायतों के लिए निर्वाचन :

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243ग के खंड 2 में प्रावधान किया गया है कि पंचायत के सभी स्थानों को पंचायत क्षेत्र के निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने हुए व्यक्ति से समीचीन होगा कि 73 वां संविधान सं" ाोधन के माध्यम से ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई । पंचायतों के निर्वाचन से संबंधित भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343ट के अंतर्गत अपबंध किया गया जो कि निम्नांकित हैः–

भारतीय संविधान के अनुसार पंचायतों के लिए कराए जाने वाले सभी निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार कराने का और उन सभी निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण एक राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होगा, जिसमें एक राज्य निर्वाचन आयुक्त होगा, जो राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाएगा।[28] किसी राज्य के विधान मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के उपबंधों के अधीन रहते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त की सेवा की शर्ते और पदावधि ऐसी होंगी, जो राज्यपाल नियम द्वारा अवधारित करें, परंतु राज्य निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से उसी रीति से और उन्हीं आधारों पर ही हटाया जाएगा, जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है, अन्यथा नहीं और राज्य निर्वाचन आयुक्त की सेवा की शर्तों में उनकी नियुक्ति के पश्चात उनके लिए अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जाएगा।[29] जब राज्य निर्वाचन आयोग ऐसा अनुरोध करें, तब किसी राज्य का राज्यपाल राज्य निर्वाचन आयोग को उतने कर्मचारीवृन्द उपलब्ध कराएगा, जितने खण्ड (1) द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को उसे सौंपे गए कृत्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हों।[30] इस संविधान के उपबंधों के अधीन रहते हुए किसी राज्य का विधान मंडल, विधि द्वारा, पंचायतों के निर्वाचनों से संबंधित या संसक्त सभी विषयों के संबंध में उपबंध कर सकेगा। [31]

किसी पंचायत के सभी स्थान, पंचायत क्षेत्र में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने हुए व्यक्ति से भरे जाएंगे और इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक पंचायत क्षेत्र को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसी रीति से विभाजित किया जाएगा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या का उसको आवंटित स्थानों की संख्या से अनुपात समस्त पंचायत क्षेत्र में यथासाध्य एक ही हो। अनुच्छेद 243 ग के खंड (3) में उपबंध किया गया है कि कि किसी राज्य का विधान–मंडल विधि द्वारा–(क) ग्राम स्तर पर पंचायतों के अध्यक्षों का मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों में या ऐसे राज्य की दशा में जहां मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतें नहीं हैं, जिला स्तर पर पंचायतों में। (ख) मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों के अध्यक्षों का जिला स्तर पर पंचायतों में। (ग) लोकसभा के ऐसे सदस्यों का और राज्य की विधानसभा के ऐसे सदस्यों का, जो उन निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें ग्राम स्तर से भिन्न स्तर पर कोई पंचायत क्षेत्र पूर्णतः या भागतः समाविष्ट है, ऐसी पंचायत में। (घ) राज्य सभा के सदस्यों का और राज्य की विधान परिषद के सदस्यों का, जहां वे–मध्यवर्ती स्तर पर किसी पंचायत क्षेत्र के भीतर निर्वाचकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत है, मध्यवर्ती स्तर पर पंचायत में एवं जिला स्तर पर किसी पंचायत क्षेत्र के भीतर निर्वाचकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत हैं, जिला स्तर पर पंचायत में प्रतिनिधित्व करने के लिए उपबंध कर सकेगा।

संघ राज्यक्षेत्रों को लागू होना :

---

27 मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज धारा 7–ट

28 भारत का संविधान अनुच्छेद 243 ट(1)

29 भारत का संविधान अनुच्छेद 243 ट(2)

30 भारत का संविधान अनुच्छेद 243 ट(3)

31 भारत का संविधान अनुच्छेद 243 ट(4)

इस भाग के उपबंध संघ राज्यक्षेत्रों को लागू होंगे और किसी संघ राज्यक्षेत्र को उनके लागू होने में इस प्रकार प्रभावी होंगे, मानो किसी राज्य के राज्यपाल के प्रति निर्देश, अनुच्छेद 239 के अधीन नियुक्त संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासक के प्रति निर्देश हों और किसी राज्य के विधान–मंडल या विधानसभा के प्रति निर्देश, किसी ऐसे संघ राज्यक्षेत्र के संबंध में, जिसमें विधानसभा है, उस विधानसभा के प्रति निर्देश हों, परंतु राष्ट्रपति, लोक अधिसूचना द्वारा यह निर्देश दे सकेगा कि इस भाग के उपबंध किसी संघ राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाग को ऐसे अपवादों और उपांतरणों के अधीन रहते हुए लागू होंगे, जो वह अधिसूचना में विनिर्दिष्ट करें।[32]

इस भाग का कतिपय क्षेत्रों को लागू न होना[33] :

भारत का संविधान यहां पर उपबंधित करता है कि (1) इस भाग की कोई बात अनुच्छेद 244 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्रों और उसके खण्ड (2) में निर्दिष्ट जनजाति क्षेत्रों को लागू नहीं होगी। (2) इस भाग की कोई बात निम्नलिखित को लागू नहीं होगी, अर्थात् (क) नागालैंड, मेघालय और मिजोरम राज्य, (ख) मणिपुर राज्य के ऐसे पर्वतीय क्षेत्र, जिनके लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन जिला परिषद विद्यमान है। (3) इस भाग की–(क) कोई बात जिला स्तर पर पंचायतों के संबंध में पश्चिम बंगाल राज्य के दार्जिलिंग जिले के ऐसे पर्वतीय क्षेत्रों को लागू नहीं होगी, जिनके लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन दार्जिलिंग गोरखा पर्वतीय परिषद विद्यामन है। (ख) किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह ऐसी विधि के अधीन दार्जिलिंग गोरखा पर्वतीय परिषद के कृत्यों और शक्तियों पर प्रभाव डालती है।(3 क) अनुसूचित जातियों के लिए स्थानों के आरक्षण से संबंधित अनुच्छेद 243 घ की कोई बात अरूणांचल प्रदेश राज्य को लागू नहीं होगी। (4) इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी– (क) खण्ड (2) के उपखण्ड (क) में निर्दिष्ट किसी राज्य का विधान मंडल, विधि द्वारा, इस भाग का विस्तार खण्ड (1) में निर्दिष्ट क्षेत्रों के सिवाय, यदि कोई हों, उस राज्य पर उस दशा में कर सकेगा, जब उस राज्य की विधानसभा इस आशय का एक संकल्प उस सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा उस सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा पारित कर देती है।

(ख) संसद, विधि द्वारा, इस भाग के उपबंधों का विस्तार खण्ड (1) में निर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्रों और जनजाति क्षेत्रों पर ऐसे अपवादों और उपांतरणों के अधीन रहते हुए कर सकेगी, जो ऐसी विधि में विनिर्दिष्ट किए जाए और ऐसी किसी विधि को अनुच्छेद 368 के प्रयोजनों के लिए इस संविधान का संशोधन नहीं समझा जाएगा।[34]

विद्यमान विधियों और पंचायतों का बना रहना :

इस भाग में किसी बात के होते हुए भी संविधान (तिहत्तरवां संशोधन) अधिनियम, 1992 के प्रारंभ के ठीक पूर्व किसी राज्य में प्रवृत्त पंचायतों से संबंधित किसी विधि का कोई उपबंध, जो इस भाग के उपबंधों से असंगत है, जब तक सक्षम विधान मंडल द्वारा या अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसे संशोधित या निरसित नहीं कर दिया जाता है या जब तक ऐसे प्रारंभ से एक वर्ष समाप्त नहीं हो जाता है, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक प्रवृत्त बना सकेगाः परंतु ऐसे प्रारंभ के ठीक पूर्व विद्यमान सभी पंचायतें, यदि उस राज्य की विधानसभा द्वारा या ऐसे राज्य की दशा में, जिसमें विधान परिषद है, उस राज्य

32 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ठ

33 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ढ़

34 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ड.

के विधान मंडल के प्रत्येक सदन द्वारा पारित इस आ" ाय के संकल्प द्वारा पहले ही विघटित नहीं कर दी जाती है तो अपनी अवधि की समाप्ति तक बनी रहेगी। [35]

निर्वाचन संबंधी मामलों में न्यायालय के हस्तक्षेप का वर्जन :

संविधान के अंतर्गत निर्वाचन संबंधी मामलों में न्यायालय के हस्तक्षेप का वर्जन करते हुए कहा गया है कि संविधान में किसी बात के होते हुए भी–

(क) अनुच्छेद 243 ट के अधीन बनाई गई या बनाई जाने के लिए तात्पर्यित किसी ऐसी विधि की विधिमान्यता, जो निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमा या ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों को स्थानों के आवंटन से संबंधित है, किसी न्यायालय में प्रश्नगत नहीं की जाएगी।

(ख) किसी पंचायत के लिए कोई निर्वाचन, ऐसी निर्वाचन अर्जी पर ही प्रश्नगत किया जाएगा, जो ऐसे प्राधिकारी को और ऐसी रीति से प्रस्तुत की गई है, जिसका किसी राज्य के विधान–मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन उपबंध किया जाए, अन्यथा नहीं। [36]

भारतीय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची :

भारतीय संविधान की इस अनुसूची के अंतर्गत वे विषय दिये गये है जिन पर पंचायते विधि ग्राम सभा के माध्यम से विधि निर्माण कर अपनी कार्यशैली को पंचायत स्वयं निर्वाह कर सकती है। जिससे के ग्रामीण स्वायत्त शासन पद्धति का शुभारंभ होता है। भारतीय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची के प्रावधान निम्नांकित हैः–

1 कृषि, जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार,

2 भूमि विकास, भूमि सुधार का कार्यान्वयन, चकबन्दी, और भूमि अनुसरक्षण,

3 लघु सिंचाई, जल प्रबन्ध और जल विभाजन क्षेत्र का विकास,

4 पशुपालन, डेरी उद्योग व कुक्कुट पालन,

5 मत्स्य उद्योग,

6 सामाजिक वानिकी और फार्म वानिकी,

7 लघु वन उपज,

8 लघु उद्योग, जिसके अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग भी है,

9 खादी ग्राम और कुटीर उद्योग,

10 ग्रामीण आवासन,

11 पेय जल,

12 ईंधन और चारा,

13 सड़के, पुलिया, पुल, फेरी, जलमार्ग और संचार के अन्य साधन,

14 ग्रामीण विघुतीकरण, जिसके अंतर्गत विद्युत का वितरण है,

15 गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत,

16 गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम,

17 शिक्षा, जिसके अंतर्गत प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय भी है,

---

35 भारत का संविधान अनुच्छेद 243ढ

36 भारत का संविधान अनुच्छेद 243.ण

18 तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावसायिक शिक्षा,

19 प्रौढ़ और आनौपचारिक शिक्षा,

20 पुस्तकालय,

21 सांस्कृतिक क्रियाकलाप,

22 बाजार और मेले,

23 स्वास्थ्य और स्वच्छता जिसके अंतर्गत अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और औषधालय भी है,

24 परिवार कल्याण,

25 महिला और बाल विकास,

26 समाज कल्याण, जिसके अंतर्गत विकलांगों और मानसिक रूप से मंद व्यक्तियों का कल्याण है,

27 दुर्बल वर्गो का और विशिष्टतया, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का कल्याण,

28 सार्वजनिक वितरण प्रणाली,

29 सामुदायिक आस्तियों का अनुरक्षण।

भरतीय संविधान की 7वीं अनुसूची :

भारत का संविधान की अनुसूची 7 केन्द्र एवं राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण के संबंध में प्रावधान किया गया है। भारत का संविधान की अनुसूची 7 की सूची 2 राज्य सूची के विषयांतर्गत प्रविष्ठी क्रमांक 5 ग्राम प्रशासन अर्थात् ग्राम पंचायत के लिए भी अपने अंतर्गत व्यापम रूप से सम्मलित करती है और पंचायत के लिए विधि निर्माण संबंधी कार्य राज्य सूची के विषयांतर्गत रखा गया है, जिसके अंतर्गत कहा गया है कि, स्थानीय शासन, अर्थात् नगर निगमों, सुधार न्यासों, जिला बोर्डों, खनन–बस्ती प्राधिकारियों और स्थानीय स्वशासन या ग्राम प्रशासन के प्रयोजनों के लिए अन्य स्थानीय प्राधिकारियों का गठन और शक्तियां।[37] उपर्युक्त प्रविष्टि के अंतर्गत मुख्यतः दो बातों पर ध्यान केन्द्रित किया गया जिसमें ' स्थानीय शासन एवं स्थानीय स्वशासन, यहां पर स्थानीय शासन का अर्थ शहरी प्रशासन से एवं स्थानीय स्वशासन से ग्रामीण प्रशासन से है जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत एवं ग्रामीण प्रशासन से संबंधित सभी अन्य उपक्रम भी सम्मिलित किए गए है अर्थात इस संबंध में राज्य विधि निर्माण संबंधी शक्ति धारण करता हैं।

उपसंहार :

भारत में स्थानीय प्रशासन 1993 तक राज्यों के विवेक पर निर्भर था इसलिए उसे अपने अधिकार से अस्तित्व में बने रहने का अधिकार नहीं था। संविधान का तिहत्तरवां संशोधन, जो कि 1993 से लागू हुआ, इन कमियों को दूर कर देता है।[38] यहां पर यह स्पष्ट कर देना उपयुक्त होगा कि 73 वां संविधान संशोधन पंचायती राज को शक्तिशाली बनाने के लिए एवं राज्यों के लिए पंचायती राज संबंधी विधिक उपबंध करने के लिए बाध्य करता हैं। इस अधिनियम के पूर्व यह राज्य का नीति निर्देशक तत्व तो बनाया गया था किन्तु राज्यों के लिए इस पर विधि बनाने के लिए बाध्य नहीं किया गया था। किन्तु अब इस संविधान संशोधन के पश्चात् प्रत्येक राज्य पंचायतों के उपबंध करने के लिए बाध्य कर दिया गया हैं। इसका प्रभाव यह हुआ कि राज्यों ने अधिनियम पारित करके अपने अपने राज्यों में पंचायतों की स्थापना कर ली हैं।

37 भारत का संविधान प्रविष्टी क्रमांक 5 सूची 2 अनुसूची 7

38 माहेशवर एस.आर. (2011) भारत में स्थानीय प्रशासन, प्रकाशक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा पृष्ठ संख्या 16

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. *श्रीवास्तव अरूण (1994), भारत में पंचायती राज, आर. बी. एस. ए. पब्लिशर्स, जयपुर।*
2. *चौधरी राधाकृष्ण (1982), भारत में स्थानीय शासन, मोतीलाल बनारसीदास, पटना।*
3. *शर्मा विद्यासागर (1956), पंचायती राज, हिन्दी प्रकाशन मंदिर, इलाहाबाद।*
4. *गुरूशरण (1962), पंचायती राज को जानिए, अखिल भारत सर्व सेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी।*
5. *एम. लक्ष्मी कान्त (2011), गवर्मेन्स इन इंडिया प्रकाशक, टाटा मेग्राहिल एजूकेशन प्राईवेट लिमिटेड।*
6. *सान्याल भूपेन्द्रनाथ (1964), भारत में पंचायती राज, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली।*
7. *बसु नारायण (1965), पंचायती राज की परिकल्पना, इंडियन प्रेस प्रा.लि., इलाहाबाद।*
8. *डे ऐस. के. (1961), पंचायती राज एशिया पब्लिकेशन हाउस, मुम्बई।*
9. *एम. के. गाँधी (1949), पंचायतीराज, नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद।*
10. *मैथ्यू जॉर्ज (2003), भारत में पंचायती राज, वाणी प्रकाशन, 21–ए, दरियागंज, नई दिल्ली।*
11. *श्रीवास्तव जवाहर लाल (1976), पंचायती राज की सफलता के सेतु, राष्ट्रीय प्रकाशन मन्दिर, लखनऊ।*
12. *अल्टेकर डॉ. (1948), प्राचीन भारतीय शासन पद्वति, भारतीय भंडार, इलाहाबाद।*
13. *फाडिया डॉ. बी. एल. (2002), राजनीति विज्ञान, प्रतियोगिता साहित्य सीरीज, साहित्य भवन, आगरा।*
14. *वर्मा विश्वनाथ प्रसाद (1975), वैदिक राजनीति भाास्त्र–बिहार ग्रन्थ अकादमी, पटना।*
15. *शर्मा हरिश्चन्द्र (1986), भारत में स्थानीय प्रशासन, कालेज बुक डिपो, जयपुर।*
16. *भारत शासन (1956), रिपोर्ट आफ दा कांग्रेस विलेज पंचायत कमेटी।*
17. *भारत प्रशासन (1957), संविधान प्रकाशन विभाग, भारत सरकार।*
18. *भारत का संविधान, भारत सरकार विधायी विभाग, नई दिल्ली।*